दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली शुक्रवार 12 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 169 पेज -08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## पश्चिम बंगाल के फालता में टीएमसी नेता जहांगीर खान को पुलिस ने हाफ पैंट में घुमाया

### जहांगीर खान के सिर से उतारा 'पुष्पा' का भूत

**कार्रवाई**

**जहांगीर खान ने कहा था कि अगर पुलिस अधिकारी सिंघम हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फलता विधानसभा क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व उम्मीदवार जहांगीर खान को पुलिस ने हाफ पैंट पहनाकर पूरे फलता इलाके में पैदल घुमाया है। पिछले कई दिनों से फरार चल रहे इस बाहुबली नेता को स्पेशल टास्क फोर्स ने नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया था। कभी इलाके में अपनी धक जमाने वाले नेता की इस तरह की परेड अब पूरे राज्य में चर्चा का विषय बन गई है।

जहांगीर खान फलता इलाके में अपनी दबंगई के लिए जाने जाते थे। चुनाव के दौरान जब पुलिस ऑब्जर्वर अजय पाल शर्मा ने उनके घर जाकर परिवार को चेतावनी दी थी कि वे वोटरों को डराने की कोशिश न करें, तब जहांगीर खान ने खुलेआम पुलिस को चुनौती दी थी।

उन्होंने कहा था कि अगर पुलिस अधिकारी सिंघम हैं, तो वे खुद पुष्पा हैं। फिल्मी अंदाज में दी गई इस चुनौती के बाद से ही पुलिस उनकी तलाश में जुट गई थी। जहांगीर पर फलता पुलिस स्टेशन में करीब 7 एफआईआर दर्ज हैं। जहांगीर खान पर चुनाव के दौरान व्यापक स्तर पर गड़बड़ी फैलाने के आरोप लगे हैं। उन पर दक्षिण 24 परगना निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम मशीन पर भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिह्न को टेप से ढककर छेड़छाड़ करने का मुख्य आरोप है।

## यशोदा हॉस्पिटल के चेयरमैन पीएन अरोड़ा की जे.पी. नड्डा से हुई महत्वपूर्ण बैठक

### निजी और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर समन्वय पर जोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को और अधिक सशक्त एवं जनसुलभ बनाने के उद्देश्य से यशोदा हॉस्पिटल के चेयरमैन पीएन अरोड़ा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान निजी एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवा तंत्र के बीच सहयोग को और मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सरकारी और निजी क्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को व्यापक बनाया जा सकता है। साथ ही बेहतर डायग्नोस्टिक सुविधाओं, आधुनिक स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास तथा भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप स्वास्थ्य व्यवस्था को तैयार करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रभावी साझेदारी से आम नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं तथा देश की स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक सक्षम और सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि यह चर्चा पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की हॉस्पिटल्स, डायग्नोस्टिक्स एवं वेलनेस कमेटी के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत हुई। बैठक को देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक होगी आज

## पार्षद उठाएंगे हैल्थ इंश्योरेंस से लेकर वार्ड से जुड़े विकास के मुद्दे

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की बोर्ड बैठक आज हो रही है। निगम सभागार में बोर्ड बैठक होगी। पार्षदों को पहले ही एजेंडा भेजा जा चुका है। निगम की बोर्ड बैठक के लिये पार्षद पूरी तरह तैयार हैं। आज इस बैठक में नगर आयुक्त और मेयर के अलावा निगम के अधिकारी मौजूद रहेंगे। पार्षद मौजूद रहेंगे और नगर निगम की बोर्ड बैठक में नगरीय क्षेत्र के विकास का खाका खींचा जाएगा। यहां नदिया पार से लेकर लाइन पार तक मुद्दों की भरमार रहेगी। पार्षद विकास वाले कोटे का मामला उठाएंगे। पार्षदों ने भी इसके लिये तैयारी की है। नगर निगम की बोर्ड बैठक में एक करोड़ के कामों का मुद्दा उठेगा। वहीं ये नामित पार्षदों की पहली बोर्ड बैठक होगी।


फाइल फोटो

### अगर चाहिए एक करोड़ तो डोन्ट शो द मरोड़

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि बोर्ड बैठक में एक करोड़ के विकास कोटे का मुद्दा उठेगा। पार्षदों के वार्ड में एक करोड के विकास कार्य की घोषणा की गई थी। कई वार्ड ऐसे हैं जहां ये काम नहीं हुए हैं। पार्षद खेमे से जो आवाज उठ रही है वो ये है कि यहां सीन ऐसा है कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। पार्षद मांग उठाएंगे, लेकिन माना ये जा रहा है कि अकड़ या मरोड़ दिखाई तो फिर एक करोड़ वाले पैक पर असर पड़ेगा। फिलहाल एक करोड़ का वादा और उसके सापेक्ष कितने काम हुए ये पटल पर आएगा।




### दस नामित पार्षदों में उत्साह का माहौल

करंट क्राइम। नामित पार्षदो की घोषणा के बाद ये पहला मौका है जब बबोर्ड बैठक हो रही है। नामित पार्षदों के घर के बाहर नगर निगम ने उनके नाम का बोर्ड लगवा दिया है और अब पहली बोर्ड बैठक होगी जिसमें नामित पार्षद मौजूद रहेंगे। नामित पार्षदुं में बोर्ड बैठक को लेकर उत्साह का माहौल है, वो भी अपने प्रस्ताव तेयार करके लाएंगे, प्रस्ताव रखेंगे। कहीं समर्थन में बोलेंगे, तो कहीं विरोध के स्वर दिखाई देंगे। आज नामित पार्षद निगम की बोर्ड बैठक में दिखाई देंगे।

### परशुराम भवन-अग्रसेन भवन या चौधरी चरण सिंह भवन से आएगा किसका प्रस्ताव

करंट क्राइम। आज बोर्ड बैठक हो रही है और इस बोर्ड बैठक में भवन से जुड़े प्रस्तावों पर नजर रहेगी। चौधरी चरण सिंह भवन का प्रस्ताव आने की बात है, अग्रसेन भवन का प्रस्ताव आने की बात है और परशुराम भवन का प्रस्ताव आने की बात है। सूत्र बताते हैं कि बैठक में सात मार्च के प्रस्ताव संख्या 201 का हवाला दिया गया है। ये प्रस्ताव पार्षद हिमांशु शर्मा ने रखा था। इस प्रस्ताव में कहा गया कि नगर निगम की सीमा में तीन विधानसभाएं आती हैं जिनमें साहिबाबाद, मुरादनगर और गाजियाबाद हैं। तीनों विधानसभाओं में लगभग सात लाख ब्राह्मण निवास करते हैं। इस प्रस्ताव में ये कहा गया कि आज के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में यूजीसी को लेकर, फिल्म को लेकर ब्राह्मण समाज में नाराजगी है। इस नाराजगी को समाप्त करने के लिये परशुराम भवन का निर्माण कार्य कराने के लिये निगम में प्रस्ताव आयेगा। दो अन्य प्रस्ताव है और इस भवन का इस्तेमाल समाज के लिये हो सकता है।

### दुकानों के किराए का मुद्दा उठेगा बोर्ड बैठक में



करंट क्राइम। नगर निगम की दुकानों के किराये का मुददा बोर्ड बैठक में उठेगा। हालांकि इन दुकानों को लेकर पहले ही एक सहमति बनाकर मामला निपटाया गया था, लेकिन हाउस टैक्स और चौकीदाराना शुल्क के बीच पेंच फंसा हुआ है। नगर निगम की दुकानों के किराये का मामला उठेगा।

### अफसर और कर्मचारियों के नये मकानों का पार्षद कर सकते हैं विरोध

करंट क्राइम। नगर निगम अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिये नये आवस बना रहा है। पार्षद इसका विरोध कर रहे हैं। वो ये पूछ रहे हैं कि जब अधिकारियों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई, कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई तो फिर नये मकानों का निर्माण क्यों हो रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि नए मकानों को लेकर पार्षद बोर्ड बैठक में घमासन कर सकते हैं। हालांकि ये भी माना जा रहा है कि यहां आवास योजना में पार्षदों के लिये भी कोई स्कीम आ सकती है। इस प्रस्ताव के सापेक्ष में पार्षदों के आवास का प्रस्ताव लाकर इस विरोध के तूफान को थामा जा सकता है।

### मानसून से पहले नालों की सफाई का उठेगा मुद्दा



निगम की बोर्ड बैठक में नालों की सफाई का मुद्दा उठेगा। कविनगर प्रतिष्ठा अपार्टमेंट के बराबर से होकर जैन मंदिर की तरफ जाने वाले नाले से निकली सिल्ट को लेकर आवाज उठेगी। यहां नाले से सिल्ट बाहर तो निकाली गई लेकिन उठाई नहीं गई। संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिये नाले के पास बनी दीवार को तोड़ा गया। ये स्थिति मानसून में किसी की जान भी ले सकती है। कई क्षेत्रों में यही स्थिति है और जलभराव में इससे जान भी जा सकती है। कई नाले साफ नहीं हुए है और कविनगर की ये स्थिति बड़े हादसे को निमंत्रण दे रही है।

### क्या नामित पार्षदों का कोटा जा रहा है घटने

करंट क्राइम। अभी नामित पार्षदों को एक-एक करोड़ रुपए के विकास का कोटा देने की बात की गई। नामित पार्षद खुश हैं और वो विकास की एक योजना बनाकर चल रहे हैं। लेकिन निगम सूत्र बताते हैं कि यहां नामित पार्षदों के कोटे पर 80 प्रतिशत का डिस्काउंट होने जा रहा है। वो सड़क-पुलिया और इंटरलॉकिंग का प्लान बना रहे हैं और उनके हिस्से में लाइट या दूसरे काम आएंगे। सूत्रों की मानें तो एक करोड़ में से केवल 20 लाख के काम ही नामितों के हिस्से में आएंगे। तर्क ये दिया जा रहा है कि जब निर्वाचित पार्षदों का कोटा प्रधानमंत्री की अपील के बाद घटाया गया है तो नामित पार्षदों के कोटे पर भी कटौती का सौंटा चलेगा।

### पार्क का विकास झूले, जिम और घास



करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्कों के विकास का मुद्दा भी उठेगा। पार्कों में झूले, पार्कों में घास और ओपन जिम से जुड़े प्रस्ताव पर बहस होगी। पार्क में योग के लिये शैड और घूमने के लिये वॉकिंग पाथ की भी डिमांड उठेगी। ये अलग-अलग वार्डों से जुड़े मुद्दे हैं और पार्षद पूर्व में भी प्रस्ताव दे चुके हैं।

### पार्षद करेंगे जीवन बीमा और मेडिकल इंश्योरेंस की मांग

करंट क्राइम। बीते दिनों दो पार्षदों का निधन हो गया और कई पार्षद हार्ट अटैक की चपेट में आने के बाद अस्पताल पहुंचे। पार्षद ये मांग पहले का चुके हैं कि पार्षद कल्याण फंड से किसी भी पार्षद के निधन पर पार्षद के परिजनों को एक करोड़ की राशि दी जाए। इसके अलावा पार्षदों का दस लाख तक का हैल्थ इंश्योरेंस किया जाए। ऐसे में ये मांग उठेगी।

# जनगणना की सफलता के लिए जन-जागरूकता बढ़ाना जरूरी: बालेश्वर त्यागी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आजकल देश में जनगणना चल रही है। अपने देश में हर दस वर्ष में जनगणना होती है। पिछले बार वर्ष 2011 में जनगणना हुई थी। कोरोना के कारण2022 में जनगणना नहीं हो पाई अब हो रही है। जनगणना के आंकड़ों से न केवल देश की आबादी की गिनती होती है बल्कि देश में शिक्षा , आवास , घर आदि के साथ बहुत सारे आंकड़े उपलब्ध होते हैं जिनसे सरकार अपनी योजनाओं का प्रारूप निर्धारित करती है। अभी जनगणना का पहला चरण चल रहा है जिसमें घरों की गणना की जा रही है। दूसरा चरण फरवरी में होगा जिसमें लोगों की गणना होगी। इस चरण में 35 सवालों के माध्यम से घरों की स्थिति , वाहन कंप्यूटर और टीवी के संबंध में सवाल पूछे जा रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में ये गणना का पहला चरण पूरा होने जा रहा है। दूसरे चरण में पूछे जाने वाले सवाल शायद कुछ लोगों को ज्यादा असहज करेंगे।

इस बार वित्त विहीन विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को भी जनगणना में लगाया गया है। महर्षि दयानंद विद्यापीठ के भी 35 शिक्षक शिक्षिकाओं को इस गणना में लगाया गया है। उनसे जो जानकारी मिल रही है वह रोचक भी है और चिंतित करने वाली भी है। जनता में जागरूकता का अभाव है इसलिए शहरी क्षेत्र में भी लोग उत्तर देने से बचते हैं। घरों में कितने कमरे हैं , शौचालय कैसे हैं , टीवी है या नहीं , वाहन क्या है ? जैसे सवाल गृहस्वामियों को असहज करते हैं। विशेषतौर से मुस्लिम समाज में इन प्रश्नों के उत्तर देने के बजाय गणनकों को गाली तक निकालने लगते हैं। कई लोगों को लगता है कि सरकार ये सब जानकारियां लेकर उन पर कोई नया टैक्स लगा सकती है या कोई नया कानून थोप सकती है। सामान्यतः लोग सहज स्वीकार नहीं करते कि सरकार इन आंकड़ों के आधार पर उनके कल्याण की अनेक योजनाएं संचालित करेगी। महिला गणनकों को कुछ ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पोश कॉलोनियों में घरों का दरवाजा तक नहीं खोलते। जनगणना के दूसरे चरण से पहले सरकार को बड़े जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। ताकि लोग निसंकोच सभी और सही जानकारी गणनकों के साथ साझा कर लें। आम आदमी को ये विश्वास होना आवश्यक है कि इन आंकड़ों का दुरुपयोग नहीं किया जाएगा। कितने दुर्भाग्य की बात होगी अगर लोक कल्याण की आधार शिला इतनी बड़ी गणना सही जानकारी न मिलने के कारण अपनी उपयोगिता खो देगी। सरकार को सभी माध्यमों से जन जन तक इसके महत्व को बताना और उन्हें सही जानकारी देने के लिए प्रेरित करना इस अभियान की उपयोगिता बढ़ा देगा।

# एक पेड़ लगाना था मां के नाम, मगर यहां तो पेड़ कटने का है घमासान

## कहानी एक ऐसे पार्क की जहां 60 पेड़ कट गये और बिस्मिल जी हट गये

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कहानी उस मौहल्ले की है जहां चारों तरफ केसरिया ही केसरिया है। पार्क भले ही हरा है लेकिन यहां चारों तरफ फ्लॉवर वाले हैं। कहानी में 80 पेड़ हैं, कहानी में रामप्रसाद बिस्मिल हैं। कहानी में अग्रसेन हैं और कहानी में विधायक से लेकर ध्वजप्रणाम वाले हैं। सुना है कि मामले की जांच आ गयी है और अब इसकी आंच भी कई फूलों को झुलसा सकती है। चर्चा इस बात की है कि इस पार्क में खर्चा इतना हुआ है कि मिनी मुगल गार्डन बन जाता। चर्चा ये भी है कि इतना खर्चा हो गया तो फिर इसकी जरूरत क्या थी। सूत्र बता रहे हैं कि पार्क का ठेका जिसे मिला वो भाजपाई है। जब यहां काम शुरू हुआ तो मौहल्ले वालों की नजर पहले दिन से रामप्रसाद बिस्मिल की मूर्ति पर थी। वो चाहते थे कि मूर्ती यहां से शिफ्ट हो जाये। लेकिन बहुत पहले भी ये प्रयास हुआ था लेकिन तब ठेकेदार ने कई बरस पहले ये कहकर खारिज कर दिया था कि मूर्ति हटाने के आदेश नहीं है जो काम मिला है वहीं करेंगे। यहां पर कई हरे पेड़ थे, लेकिन इन हरे पेड़ों से केसरिया वालों को दिक्कत थी। उनका



तर्क था कि इन पेड़ों की वजह से हमारे आलीशान भवनों की वो शान नहीं दिख रही है। सूत्र बताते हैं कि यहां पहले पेड़ काटे गये और फिर एक दिन राम प्रसाद बिस्मिल की मूर्ति खुद ही चलकर दरवाजे के पास आ गयी। सुना है कि पेड़ काटने के वीडियो भी बने हैं और ये वीडियो वन विभाग तक पहुंच चुके हैं। अब पर्यावरण का मुददा है तो जांच आयेगी। कहानी में एक साड़ी वाले ध्वजप्रणाम भाईसाहब भी हैं। कहानी में लोहे वाले भी हैं और इस पार्क का विकास इतना हुआ कि केवल एक कोटे से काम नही चला। मौहल्ले वालों से भी सहयोग राशि ली गयी। वो कम पड़ गयी तो एक विधायक जी ने अपनी निधि से सहयोग किया। एक जनप्रतिनिधि तो इसलिए नाराज हैं कि विकास की फाईल हमसे आगे बढ़वाई और जब नारियल की बेला आयी तो हमारे साथ ही खेला हो गया। मौहल्ले वाले जाकर विधायक जी को बुला लाये। कहानी में एक पूर्व पार्षद भी हैं और सुना है कि वो इसी बात से गदगद थे कि उनके जन्मदिन का केक इस पार्क में काटा गया। उन्हें इस बात से क्या मतलब कि यहां हरा पेड़ों को छांटा गया या काटा गया। अब पता चला है कि रामप्रसाद बिस्मिल लोकेशन शिफ्ट करने में ही बिस्मिल हो गये यानी घायल हो गये। वजनी मूर्ति थी तो सनातनी के हिसाब से तनातनी ही इस बात पर है कि मूर्ति खंडित हो गयी है। अब फिलहाल बिस्मिल जी गेट पर हैं और अग्रसेन जी के नाम का पत्थर लगने की तैयारी है। पार्क में कोई कसर ना रह जाये इसके लिए ओपन जिम भी बनाया गया है। बैंचे भी लगवायी गयी हैं, झूले भी लगे हैं। फिलहाल अब इस पार्क की जांच शुरू हो गयी है। सूत्र बता रहे हैं कि अगर पेड़ों की कटाई वाली जांच हो गयी तो यहां कई नाम लपेटे में आयेंगे।



# मणिपुर में फिर बवाल : क्यों नहीं थम रहा मैतेई-कुकी संघर्ष

## अगवा हुए छह लोगों के शव 28 दिन बाद बरामद, अस्पताल के बाहर भीड़ पर दागे गए आंसू गैस के गोले

**हिंसा**

**मणिपुर में शांति बहाली की तमाम कोशिशों के बीच खूनी संघर्ष जारी**







**इंफाल।** मणिपुर में शांति बहाली की तमाम कोशिशों के बीच खूनी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में हुई छह लोगों की निर्मम हत्या ने राज्य में पहले से ही सुलग रही आग में घी डालने का काम किया है। इस घटना की खबर मिलते ही जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (खठक्टर) के बाहर सैकड़ों लोगों जमा हो गए। तनाव बढ़ता देख सुरक्षा बलों ने लोगों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। ये लोग उन छह नगा व्यक्तियों के शव लेने के लिए इकट्ठा हुए थे, जिन्हें 13 मई 2026 को लेइलोन वैफेई गांव से कथित तौर पर अगवा किया गया था।

मणिपुर में जारी हिंसा कोई अचानक भड़की घटना नहीं है, बल्कि यह दशकों पुराने जातीय अविश्वास, भौगोलिक विभाजन और संसाधनों की लड़ाई का नतीजा है। राज्य में इस तरह की घटनाओं का एक लंबा इतिहास रहा है। मई 2023 में शुरू हुआ यह दौर आज 2026 में भी जारी है। आइए जानते हैं मणिपुर में संघर्ष का इतिहास क्या है? कब कौन से आंदोलन हुआ? उनका नतीजा क्या हुआ?

मणिपुर में राज्य के बीच का जो समतल हिस्सा (इंफाल घाटी) है, वह कुल क्षेत्रफल का सिर्फ दस प्रतिशत है। लेकिन यहां राज्य की करीब 60 प्रतिशत आबादी रहती है। इस आबादी में मुख्य रूप से मैतेई समुदाय के लोग हैं, जो अधिकांश हिंदू हैं। वहीं घाटी को चारों तरफ से घेरने वाले पहाड़ राज्य का 90 प्रतिशत हिस्सा हैं। यहां राज्य की करीब 40 प्रतिशत आबादी रहती है, जिसमें कुकी और नगा जनजातिया शामिल हैं, जो मुख्य रूप से ईसाई हैं। भूगोल और आबादी का यह वर्गीकरण विवाद की मुख्य वजह है। मणिपुर की पहाड़ियों और घाटियों में 35 से ज्यादा समुदाय रहते हैं। यहां नगा, कुकी और मैतेई जैसे समुदायों और विभिन्न विद्रोही समूहों के बीच संघर्ष का बहुत पुराना इतिहास रहा है। राज्य में अशांति का दौर 50 के दशक के अंत में शुरू हुआ था। नगा विद्रोही समूह 'एनएससीएन-आईएम' (ठरउठ-क्ट) लंबे समय से नगा आबादी वाले इलाकों को एक करने की मांग कर रहा है। इस गुट ने 1997 में भारत सरकार के साथ युद्धविराम समझौता किया था। दूसरी ओर, कुकी समुदाय भी अंग्रेजों के समय से ही अपने अधिकारों और जमीन के लिए लड़ाई लड़ रहा है।

मैतेई समुदाय के भीतर भी असंतोष की जड़ें पुरानी हैं। आजादी के बाद जब मणिपुर के राजा बोधचंद्र और भारत सरकार के बीच विलय का समझौता हुआ, तो मैतेई समुदाय ने इसका कड़ा विरोध किया।

### अस्पताल के पास भारी भीड़ हुई जमा

**अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बल तैनात**

इंफाल। मणिपुर के इंफाल ईस्ट में स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। यहां जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान के मुर्दाघर के बाहर जमा सैकड़ों लोगों को हटाने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े। ये लोग उन छह नगा व्यक्तियों के शव लेने के लिए इकट्ठा हुए थे, जिन्हें 13 मई 2026 को लेइलोन वैफेई गांव से कथित तौर पर अगवा किया गया था। इन लापता लोगों की तलाश के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने सघन अभियान चलाया। लगभग 24 घंटे तक चले इस सर्च ऑपरेशन में मणिपुर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और असम राइफल्स के करीब 450 जवान जुटे रहे। इस काम में खोजी कुत्तों और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीमों ने भी अहम भूमिका निभाई। खोजबीन के बाद छह लोगों के शव बरामद हुए। माना जा रहा कि ये वही लोग हैं जिन्हें बंधक बनाया गया था। शव मिलने की खबर फैलते ही अस्पताल के पास भारी भीड़ जमा हो गई। किसी भी तरह की हिंसा या अनहोनी को रोकने के लिए प्रशासन ने अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया है।

## राम मंदिर दान प्रकरण : तूल पकड़ रहा है दान राशि में गबन का मामला

**संत और विनय कटियार बोले- जांच हो**




**जांच**

**महंत कमलनयन दास का कहना है कि भगवान के न्याय से कोई नहीं बच सकता**

**अयोध्या।** राम मंदिर दान राशि में गबन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के शिष्य महंत कमल नयन दास ने भी इस पूरे मामले की जांच की मांग उठाई है।

महंत कमलनयन दास का कहना है कि भगवान के न्याय से कोई नहीं बच सकता। उन्होंने पूरे मामले की पारदर्शी जांच की मांग की है। इस बीच राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार ने भी आरोपों की जांच की मांग कर मामले को और हवा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों भक्तों की आस्था से जुड़े राम मंदिर के मामले में लग रहे आरोपों की निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए। फिलहाल मेरे पास कोई जानकारी नहीं है की चोरी हुई है कि नहीं हुई है लेकिन अगर आरोप लग रहे हैं तो उसके बारे में पता किया जाना चाहिए। वहीं, रामनगरी की प्राचीन पीठ दाँतधावन कुंड आचारी मंदिर के महंत विवेक आचारी का कहना है कि पूरे मामले की पारदर्शी जांच होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। राम मंदिर के पैसे में जो गबन की बात हो रही है, चोरी की बात सामने आ रही है इसकी निष्पक्ष जांच बहुत जरूरी है। यह करोड़ों भक्तों की आस्था का सवाल है। इसकी पूरी सच्चाई राम मंदिर ट्रस्ट को जनता के सामने लाना चाहिए।

**‘गड़बड़ी की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होना अति आवश्यक’**

**प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक पहुंचा मामला :** वहीं, दान राशि की हेराफेरी का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक पहुंच गया है। भाजपा नेता रजनीश सिंह ने प्रधानमंत्री को इस संबंध में एक शिकायती पत्र भेजा था। इस प्रकरण ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री के पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्र सोमवार को अचानक अयोध्या पहुंचे थे, उन्होंने बंद कमरे में एक बैठक की, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

वहीं, अब एक और महंत की एंट्री हो गई।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में दान व्यवस्था को लेकर उठे विवाद पर महंत कमल नयन दास ने कहा कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जांच करने वालों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## भारत फिलिस्तीन में विकास के लिए देगा 25 लाख डॉलर

**पहल**

**भारत ने स्पष्ट किया कि वह गाजा में स्थायी युद्धविराम का समर्थन करता है**



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक उच्च स्तरीय चर्चा के दौरान भारत ने इस्राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया है। भारत ने स्पष्ट किया कि वह गाजा में स्थायी युद्धविराम का समर्थन करता है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र की वैधता और विश्वसनीयता पर भी टिप्पणी की।

फिलिस्तीन के शरणार्थियों के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी को जल्द ही 25 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि की घोषणा की है। यह भारत के वार्षिक 50 लाख डॉलर के योगदान की पहली किस्त होगी। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने कहा कि गाजा में मानवीय स्थिति बेहद गंभीर है और इसके लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय ध्यान और सहायता की आवश्यकता है।

भारत ने ना सिर्फ फिलिस्तीन बल्कि लेबनान और यमन की स्थिति पर भी टिप्पणी की।

## सड़क हादसा: एक ही परिवार के 14 लोग गंभीर रूप से घायल

**ऊटी।** तमिलनाडु के ऊटी के पास बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। आंध्र प्रदेश से आए पर्यटकों को लेकर जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक ही परिवार के 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित अक्कय्यापालेम इलाके के एक परिवार के 22 सदस्य मैसूर और ऊटी समेत विभिन्न पर्यटन स्थलों की यात्रा के बाद वाहन से अपने घर लौट रहे थे।

नीलगिरि जिले के कुन्नूर घाट मार्ग पर नंदगोपाल ब्रिज के पास पहुंचने पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद वाहन सड़क पर पलट गया। हादसे में 14 लोगों को गंभीर चोटें आईं।

## मध्य प्रदेश: राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के तीनों उम्मीदवार निर्विरोध जीते

**निर्विरोध**

**राज्यसभा की तीन सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवारों को जीत का प्रमाण पत्र दे दिया गया**



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवारों को आज ही जीत का प्रमाण पत्र दे दिया गया। दरअसल, नाम वापसी की समय-सीमा खत्म होने के बाद और केवल तीन पदों के लिए तीन ही नामांकन शेष रहने के चलते सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। ऐसे में रिटर्निंग अधिकारी ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा है।

बता दें कि राज्यसभा चुनाव के लिए आज 11 जून को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम समय-सीमा तय है। लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद स्थिति यह बन गई कि तीन सीटों के मुकाबले केवल तीन ही उम्मीदवार मैदान में रह गए, जिससे चुनाव निर्विरोध हो गया। जिसके बाद बीजेपी के तीनों राज्यसभा सांसदों का स्वागत पार्टी कार्यालय में करने की भी तैयारी की जा रही है। विधायक दल के बाद ये सभी नव-निर्वाचित सांसद बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे, जहां प्रदेश अध्यक्ष उनका स्वागत करेंगे। इन सीटों से बीजेपी के तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट का राज्यसभा जाना तय।

यह पूरा विवाद कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन खारिज होने के बाद शुरू हुआ। बीजेपी ने उन पर आपराधिक मामले की जानकारी छिपाने का आरोप लगाया था। स्क्रूटनी के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर ने आपत्ति सही मानते हुए उनका नामांकन रद्द कर दिया। इसके बाद कांग्रेस ने इस फैसले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया और सड़क पर प्रदर्शन भी किया।

## ममता बनर्जी से बोले कल्याण बनर्जी अभिषेक या मुझमें से किसी एक को चुनें

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद से तृणमूल कांग्रेस घास के तिनके की तरह बिखरती दिख रही है। इसकी शुरूआत पहले विधानसभा के स्तर पर शुरू हुई, जो राज्यसभा तक जा पहुंची। पिछले तीन दिन में पार्टी के तीन राज्यसभा सांसदों ने इस्तीफा दिया है। अब टीएमसी के बड़े नेता कल्याण बनर्जी के आरोपों ने पार्टी को अंदर तक झकझोर दिया है।



दरअसल, कल्याण बनर्जी हस्ताक्षर जालसाजी के मामले में अभिषेक बनर्जी के वकील के तौर पर कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो रहे हैं। लेकिन, इस सुनवाई के दौरान अभिषेक बनर्जी के न मौजूद रहने पर उन्होंने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से साफ कहा है कि वे उनमें और अभिषेक बनर्जी में से एक को चुनें।

मैं दिल्ली से आया था और वहां भी गया था। तलाशी के दौरान मैं मौजूद था। फिर कल सुबह, मैंने जस्टिस कौशिक चंदा के सामने मामले का जिक्र किया और कहा कि यह जरूरी है। मैंने उनसे कहा कि तलाशी गैर-कानूनी थी। तलाशी पहले ही हो चुकी थी और कभी भी कुछ भी हो सकता था, इसलिए मामले पर सुनवाई जरूरी थी। जज ने मुझसे कहा कि मामले की सुनवाई उसी दिन होगी।

### केस मैंने ही फाइल किया था- कल्याण बनर्जी

इस मामले पर विस्तार से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'सीआईडी से जुड़ा यह मामला असल में पहले ही फाइल किया गया था। उन्होंने इसे पहले फाइल किया था। शुक्रवार को वेकेशन बेंच बैठी थी और मैंने पूरे दिन इंतजार किया, लेकिन मामले पर सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद, मैंने कोर्ट के सामने इसका जिक्र किया और जज ने कहा कि मामले की सुनवाई बुधवार को होगी।

## ममता और टीएमसी के साथ खड़ा रहना मेरा फर्ज : शत्रुघ्न सिन्हा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में फूट की चचाओं के बीच पार्टी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वह ममता बनर्जी और टीएमसी के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए सिन्हा ने कहा कि ममता बनर्जी और पार्टी का साथ देना उनका कर्तव्य है।



शत्रुघ्न सिन्हा ने सबसे पहले आसनसोल और पश्चिम बंगाल की जनता का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों ने उन्हें बहुत प्यार और समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि वह ममता बनर्जी के बुलावे और उनके निर्देश पर ही आसनसोल आए थे। उन्होंने वहां पहली बार उपचुनाव में रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की थी। इसके बाद दूसरी बार भी वह बड़े अंतर से चुनाव जीते। सिन्हा ने कहा कि वह बंगाल के सभी लोगों के लिए काम करते हैं, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों।

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए सिन्हा ने कहा कि 2019 में पटना से चुनाव हारने के बाद वह कठिन समय से गुजर रहे थे। उस वक्त बहुत कम लोग उनके साथ खड़े थे।

## केरल में मिला निपाह वायरस का मरीज, राज्य में हाई अलर्ट जारी




**केरल।** केरल में एक एक व्यक्ति की शुरूआती जांच में निपाह वायरस से संक्रमित पाया है। जिसके कारण केरल मे हाई अलर्ट है।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि कोझिकोड के सरकारी मेडिकल कॉलेज में 43 वर्षीय एक व्यक्ति की शुरूआती जांच में निपाह वायरस संक्रमण की पुष्टि होने के बाद केरल में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुष्टि के लिए सैंपल पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (ठकश) भेजे गए हैं और जल्द ही नतीजे आने की उम्मीद है। वायरस के मुख्य वाहक चमगादड़ होते हैं। अगर कोई व्यक्ति चमगादड़ के काटने से प्रभावित फल खाता है, तो वह भी इस वायरस से संक्रमित हो सकता है। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दावा किया था कि चमगादड़ों के अलावा पागल कुत्ते भी इस वायरस के वाहक हो सकते हैं।

निपाह वायरस से संक्रमित लोगों की औसत मृत्यु दर 50 प्रतिशत से अधिक है।

## साइबर अपराधियों से सावधान! अब एआई से बना रहे असली लगने वाले डीपफेक वीडियो और नकली पहचान

**साइबर क्राइम**

**एआई की मदद से अपराधी फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना सकते हैं**



**नई दिल्ली।** साइबर अपराधी अब असली लगने वाले डीपफेक वीडियो और नकली पहचान (सिंथेटिक आइडेंटिटी) बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं। इन तकनीकों का इस्तेमाल फेशियल ऑथेंटिकेशन, लाइवनेस वेरिफिकेशन, वीडियो-केवाईसी, अकाउंट रिकवरी और फाइनेंशियल व डिजिटल सेवाओं तक अनधिकृत पहुंच (बिना इजाजत एक्सेस) पाने के लिए किया जा सकता है। एआई की मदद से साइबर अपराधी फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना सकते हैं।

यह एडवायजरी 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) द्वारा जारी की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले आई4सी के मुताबिक, धोखाधड़ी करने वाले लोग धोखे से की गई वीडियो कॉल, नकली ऑनलाइन जॉब इंटरव्यू या सोशल इंजीनियरिंग के तरीकों से हासिल की गई फेशियल रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल करके अकाउंट्स तक अनधिकृत पहुंच पाने की कोशिश कर सकते हैं।

### अपराधियों का काम करने का तरीका

**1. शुरूआती संपर्क:** धोखाधड़ी करने वाले लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, मैसेजिंग ऐप, जॉब पोर्टल, डेटिंग प्लेटफॉर्म या फोन कॉल के जरिए लोगों से संपर्क करते हैं।

**2. चेहरे का डेटा इकट्ठा करना:** चेहरे का डेटा पब्लिक प्लेटफॉर्म से इकट्ठा किया जा सकता है। पीड़ितों को चेहरे की हरकतें करने के लिए भी मनाया जा सकता है, जैसे स्क्रीन की ओर देखना, सिर घुमाना, पलकें झपकाना या बोलना। धोखाधड़ी करने वाले इन इंटरैक्शन को चुपके से रिकॉर्ड कर सकते हैं।

**3. एआई डीपफेक बनाना:** रिकॉर्ड किए गए वीडियो को एआई-आधारित टूल का इस्तेमाल करके प्रोसेस किया जा सकता है ताकि एक असली जैसा दिखने वाला डिजिटल क्लोन बनाया जा सके। यह क्लोन पीड़ित के चेहरे की हरकतों और आवाज की नकल कर सकता है।

**4. सुरक्षा को बाईपास करने की कोशिश:** अगर डीपफेक का पता लगाने वाली तकनीक मौजूद न हो, तो इस सिंथेटिक मीडिया का इस्तेमाल चेहरे से पहचान करने और जीवित होने की पुष्टि करने वाले सिस्टम को बाईपास करने के लिए किया जा सकता है।

## पृथ्वी का तापमान खतरनाक स्तर के करीब

**रिपोर्ट**

**ताजा रिपोर्ट के अनुसार मई 2026 इतिहास का दूसरा सबसे गर्म माह रहा**

### अल नीनो की वापसी के संकेत




**नई दिल्ली।** पृथ्वी का तापमान लगातार नए चेतावनी संकेत दे रहा है। यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मई 2026 इतिहास का दूसरा सबसे गर्म मई रहा। इस दौरान वैश्विक औसत तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.42 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया, जिससे दुनिया एक बार फिर 1.5 डिग्री सेल्सियस की महत्वपूर्ण जलवायु सीमा के बेहद करीब पहुंच गई है।

रिपोर्ट के अनुसार न केवल भूमि बल्कि महासागर भी असामान्य रूप से गर्म रहे हैं और भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में बढ़ता तापमान अल नीनो की संभावित वापसी का संकेत दे रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे आने वाले महीनों में सूखा, बाढ़, लू और अन्य चरम मौसमी घटनाओं का जोखिम बढ़ सकता है। साथ ही आर्कटिक व अंटार्कटिका में घटती समुद्री बर्फ भी जलवायु संकट की गंभीरता को रेखांकित कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार मई में पृथ्वी की सतह का औसत तापमान 15.81 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 1991-2020 की औसत अवधि की तुलना में 0.55 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यदि इसकी तुलना औद्योगिक क्रांति से पहले यानी 1850-1900 के औसत तापमान से की जाए तो यह 1.42 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह स्तर उस 1.5 डिग्री सेल्सियस सीमा के बेहद करीब है, जिसे वैज्ञानिक लंबे समय से जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों का संकेतक मानते रहे हैं। हालांकि अब तक का सबसे गर्म मई 2024 में दर्ज किया गया था, लेकिन 2026 का मई भी चिंताजनक रूप से उसके करीब रहा। मई के शुरूआती दिनों में यूरोप का मौसम अपेक्षाकृत ठंडा रहा, लेकिन 20 मई के आसपास परिस्थितियां तेजी से बदलीं और पश्चिमी यूरोप में वर्ष की शुरूआती सबसे तीव्र गर्मी की लहरों में से एक दर्ज की गई। फ्रांस, ब्रिटेन, आयरलैंड और पुर्तगाल में मई महीने के तापमान के कई रिकॉर्ड टूट गए। कई क्षेत्रों में नमी और उमस के कारण महसूस होने वाला तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

### दुनियाभर में चरम मौसम का विस्तार

रिपोर्ट के अनुसार यूरोप के बाहर भी मौसम की असामान्य गतिविधियां दर्ज की गईं। उत्तरी अमेरिका, ब्राजील, भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर में स्थित एशिया के कई हिस्सों, पश्चिमी चीन, दक्षिणी अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के कई क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई। वहीं मध्य अमेरिका, मध्य एशिया, मेडागास्कर, दक्षिण अमेरिका तथा दक्षिण-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के बड़े हिस्से अपेक्षाकृत अधिक शुष्क रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली | शुक्रवार 12 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sanjay Sharma is with Sanjeev Sharma and 14 others.
1h ·

जहाँ विश्वास होता हैं वही विश्वासघात होता हैं!



## एडिशनल सीपी के सामने गरजे जनप्रतिनिधि

## जाम-अतिक्रमण पर मांगा बड़ा अभियान, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की उठी मांग

# विधायक संजीव शर्मा ने क्रॉसिंग रिपब्लिक से रेलवे स्टेशन तक उठाए मुद्दे

**मासिक बैठक**

**कैबिनेट मंत्री व सांसद प्रतिनिधियों ने भी पार्कों की सुरक्षा और रात्रि गश्त बढ़ाने पर दिया जोर**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस लाइंस में आयोजित मासिक जनप्रतिनिधि बैठक में शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था, बढ़ते अतिक्रमण, महिलाओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों ने पुलिस-प्रशासन का ध्यान खींचा।

एडिशनल सीपी केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शहर विधायक संजीव शर्मा, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के प्रतिनिधि एडवोकेट तरुण शर्मा व सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेहंदी वाले ने जनता से जुड़ी समस्याओं को मजबूती से उठाया। बैठक में विधायक शहर संजीव शर्मा ने कहा कि क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में सड़कों के दोनों ओर लगने वाली रेहड़ियों और अस्थायी दुकानों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने मांग की कि अतिक्रमण के खिलाफ नियमित अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए। इसके अलावा गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के विजय नगर साइड पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई और कहा कि हालात ऐसे हैं कि लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल ने भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जनहित के मुद्दे बैठक में रखे। वहीं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के प्रतिनिधि एडवोकेट तरुण शर्मा ने पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने, रात्रिकालीन पुलिस गश्त को और प्रभावी बनाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने की मांग की।

### थाना दिवस में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने की मांग

करंट क्राइम : शहर विधायक संजीव शर्मा ने थाना दिवस और तहसील दिवस को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि डीसीपी और एडिशनल सीपी स्तर के अधिकारी भी थाना दिवस की मॉनिटरिंग करें ताकि शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित हो सके। बैठक में कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, जनसुरक्षा और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

G.P.L.



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनगर एक्सटेंशन में चल रहे गाजियाबाद प्रीमीयर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में समरकूल ग्रुप की टीम भी खेल रही है। समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता अपनी टीम के खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने के लिए स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान उनके साथ दैनिक करंट क्राइम के समाचार सम्पादक दीपक भाटी भी मौजूद थे। यहां खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए संजीव गुप्ता ने कहा कि खेल हमारी युवा संस्कृति का हिस्सा हैं। हम खेलों के विकास के लिए संकल्पित हैं।

# 11 दिन बाद भी नहीं मिला ओमकार का शव

## 90 पुलिसकर्मियों की टीम 17 थानों के साथ 24 घंटे कर रही तलाश

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी के चर्चित दूधिया ओमकार हत्याकांड में 11 दिन बीत जाने के बाद भी गाजियाबाद पुलिस को सबसे बड़ी चुनौती मृतक का शव बरामद करने की बनी हुई है।

पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, कई आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है, लेकिन अब तक ओमकार का कोई सुराग नहीं लग पाया है। इस मामले में पुलिस ने दो 50-50 हजार रुपये के इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपियों को फरारी में मदद करने, साक्ष्य छिपाने और अन्य आरोपों में अब तक 32 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। सूत्रों के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट की करीब 90 पुलिसकर्मियों की विशेष टीम इस हत्याकांड की जांच में लगी हुई है।

गाजियाबाद से लेकर हाथरस तक गंग नहर और उससे जुड़े क्षेत्रों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस का विभिन्न जनपदों की टीमों के साथ समन्वय भी जारी है।

पुलिस सूत्र बताते हैं कि बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ, पिलखुआ और गाजियाबाद सर्किल के अलावा गंग नहर से जुड़े 17 थानाक्षेत्रों की पुलिस से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

नहर से निकलने वाले आठ प्रमुख रजवाहों और आसपास के इलाकों में भी कई बार तलाश अभियान चलाया जा चुका है, लेकिन अभी तक शव बरामद नहीं हो सका है।

### गंग नहर से हाथरस तक छान चुकी खाक

**32 लोग जेल भेजे गए लेकिन मुख्य आरोपी अब भी फरार**



### विभिन्न जिलों की डीसीआरबी इकाइयों से भी संपर्क, शव नहीं मिलने से उलझी जांच

करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों के सामने सबसे बड़ा प्रश्न ओमकार के शव की बरामदगी का है। सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान पुलिस ने पुराने आपराधिक पैटर्न पर भी काम किया है। लोनी क्षेत्र में पूर्व में ऐसे कई मामलों में हत्या के बाद शव को ईंट-भट्टों या अन्य स्थानों पर ठिकाने लगाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसी आधार पर पुलिस ने भट्टों और संभावित ठिकानों पर भी व्यापक जांच की, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। ग्रामीण जोन के डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी प्रतिदिन मामले की समीक्षा कर रहे हैं और पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर भी इस मामले की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

### तकनीकी और मानव खुफिया तंत्र दोनों सक्रिय



करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के अनुसार ओमकार के हुलिये और पहचान संबंधी सूचनाओं को विभिन्न जिलों तक भेजा गया है। पुलिस की क्राइम ब्रांच, एसओजी और स्थानीय थानों की टीमों के साथ-साथ अन्य जिलों की डीसीआरबी इकाइयों से भी संपर्क साधा गया है। आशंका जताई जा रही है कि शव को दूरस्थ क्षेत्र में ठिकाने लगाया गया हो, इसी कारण तलाश का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। हालांकि 11 दिन बाद भी शव की बरामदगी न होना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। ऐसे में पूरे मामले की प्रगति पर स्थानीय स्तर पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है।

# जिम ट्रेनरों की छुपी पहचान पर सख्त हुआ प्रशासन
# नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

## कोच और ट्रेनरों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य, आई-कार्ड पहनना जरूरी

**सख्ती**

**आने वाले दिनों में जिम में दस्तक देगी पुलिस की टीमें**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में संचालित जिम और फिटनेस सेंटरों की गतिविधियों पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी जिम संचालकों को अपने यहां कार्यरत ट्रेनर, कोच और अन्य कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के बिना किसी भी व्यक्ति को जिम में नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक जिम ट्रेनर और कोच को ड्यूटी के दौरान अपना पहचान-पत्र (आई-कार्ड) पहनना होगा, जिसमें उसका नाम, पता, पद और अन्य आवश्यक विवरण अंकित होंगे। इससे जिम में आने वाले लोगों को कर्मचारियों की सही पहचान की जानकारी मिल सकेगी और किसी भी प्रकार की फर्जी पहचान या संदिग्ध गतिविधि पर रोक लगेगी। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिम संचालक अपने यहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें। यदि किसी कर्मचारी का आपराधिक इतिहास सामने आता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को देनी होगी। निर्देशों की अनदेखी करने वाले जिम संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जल्द शुरू होगा विशेष जांच अभियान



करंट क्राइम : जिलाधिकारी ने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित प्रमुख जिम और फिटनेस सेंटरों की औचक जांच की जाएगी। जांच के दौरान यह भी देखा जाएगा कि वहां कार्यरत ट्रेनर और कोच प्रमाणित (सर्टिफाइड) हैं या नहीं तथा निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं। इस विशेष अभियान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। प्रशासन का उद्देश्य जिमों में पारदर्शिता बढ़ाना, फर्जी पहचान वाले लोगों पर अंकुश लगाना और युवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि फिटनेस सेंटरों में आने वाले लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी जिम संचालक निर्धारित नियमों का पालन करें, अन्यथा जांच के दौरान खामियां मिलने पर कड़ी कार्रवाई की

## यूपी में अगले 3 दिन आफत का 'हाई अलर्ट'

**वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बेहद आक्रामक रहने वाला है. मौसम विभाग ने राज्य के लिए 'प्रभाव आधारित मौसम पूवार्नुमान एवं चेतावनी' जारी करते हुए अगले 72 घंटों तक भारी बारिश, गरज-चमक, आंधी-तूफान और वज्रपात (आकाशीय बिजली) की भीषण आशंका जताई है. इसके साथ ही प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी दी गई है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 11 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ने की उम्मीद है। वहीं, 12 और 13 जून को भी दोनों क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश का यह सिलसिला जारी रहेगा।

मौसम विभाग ने 11 जून के लिए विशेष तौर पर बेहद डराने वाली चेतावनी जारी की है. राज्य के कई जिलों में मेघगर्जन और आसमानी बिजली कड़कने के साथ ही 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने का अनुमान है। झोंकों के दौरान हवा की यह गति 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जो कमजोर निमार्णों और पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है।

# विधायक संजीव शर्मा ने किया जीपीएल मैच का टॉस, बोले- गाजियाबाद को मिलेगी टी-20 में नई क्रिकेट पहचान

## जीपीएल प्रमुख राकेश मिश्रा ने किया सम्मानित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राजनगर एक्सटेंशन स्थित अल्फा क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित गाजियाबाद प्रीमियर लीग (जीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत साइकिंग्स और रैना सुपर किंग्स के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले से पूर्व टॉस का आयोजन किया गया।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने टॉस उछालकर मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर साइकिंग्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

इस अवसर पर जीपीएल के आयोजक राकेश मिश्रा ने विधायक संजीव शर्मा का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। विधायक संजीव शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गाजियाबाद प्रीमियर लीग जैसे आयोजन शहर को क्रिकेट के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच मिल रहा है और भविष्य में ऐसे आयोजनों से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं। विधायक संजीव ने कहा कि जिस तरह आईपीएल से जुड़े और भारतीय क्रिकेट जगत के नामचीन खिलाड़ी इस लीग से जुड़ रहे हैं, उससे प्रतियोगिता का स्तर और आकर्षण दोनों बढ़े हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस प्रकार के आयोजन बेहद जरूरी हैं।

**विधायक संजीव शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गाजियाबाद प्रीमियर लीग जैसे आयोजन शहर को क्रिकेट के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का काम करेंगे।**

गौरतलब है कि टूर्नामेंट में भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के भाई दिनेश रैना की टीम भी हिस्सा ले रही है। वहीं सुरेश रैना के भाई एवं प्रसिद्ध गायक नरेश रैना द्वारा तैयार किया गया जीपीएल का थीम सॉन्ग भी इन दिनों खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। टूर्नामेंट को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# अभी से क्यों सुलग रही है सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद में बिरादर दावेदारी की ये आग

## मुरादनगर और शहर सीट पर क्यों नहीं आ रहे हैं दावेदारी करने वालों के खुलकर फेस

**सवाल यही उठ रहा है कि आखिर एक विधानसभा में दावेदारी का धुआं इतनी तेज क्यों उठ रहा है। ऐसा क्या है कि यहां अभी से दावेदारी की आग सुलगने लगी है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में टिकट मांगना कार्यकर्ता का हक होता है। दावेदारी के दौरान बड़े नेता भी इस बात को मंचों से लेकर कमरों तक दोहरा देते हैं कि सभी लोग टिकट मांगें। कार्यकर्ता के नाम पर विचार होगा। सिटिंग जनप्रतिनिधि के सामने डटकर टिकट मांगना भी राजनीति में एक हौंसले की बात होती है। लोकसभा चुनावों से पहले एक दौर था जब दावेदार दावेदारी करने से भी परहेज करते थे। एक मौजूदा विधायक का नाम अगर लोगसभा की दावेदारी में चला तो जब उनके सामने जिक्र हुआ तो उन्होंने ये तक कह दिया था कि मैं कभी लोकसभा की दावेदारी के बारे में सोच भी नहीं सकता हूं। किसी ने ये कहा था कि भला हम ऐसा कैसे कर सकते हैं। मगर ये राजनीति है और फिर ऐसा हो गयाजैसा सोचा भी नहीं गया था। इसी के साथ ये भी तय हो गया कि राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता है। यहां कईबार काम बोलता ही रह जाता है और सुनने वाले उसे सुनते ही नहीं हैं। यहां लगातार जीतना कोई आधार नहीं होता है। टिकट के मामले में हाईकमान काफैसला ही स्वीकार होता है। फिलहाल बात दावेदारी की है। सवाल भी यही उठ रहा है कि आखिर एक विधानसभा में दावेदारी का धुंआ इतनी तेज क्यों उठ रहा है। ऐसा क्या है कि यहां अभी से दावेदारी की आग सुलगने लगी है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे ज्यादावोटों से चुनाव जीतकर विधायक के सामने उनकी ही पार्टी के और उनकी ही बिरादरी के नेता ने दावेदारी का बिगुल बजा दियाहै। वो कभी लखनऊ की खबर को लेकर गाजियाबाद से कनैक्ट करते हैं। अपनी चिंता को रिएक्ट करते हैं। वो विधानसभा की नगरपालिका में हुए एक घटनाक्रम में सबसे पहले पहुंचने का दावा करते हैं, सिम्पैथी जताते हैं। अब वो फेसबुक पर अलग अलग तरीकों से एक माहौल बना रहे हैं।

सवाल ये उठा है कि जब अन्य विधानसभाओं में दावेदारी का गुबार नहीं है तो फिर यहां दावेदारी का बुखार इतनी तेजी से क्यों चढ़ा है। अभी हाल फिलहाल चुनाव नहीं है, अभी टिकट भी घोषित नहीं हो रहे हैं। फिर अभी से दवेदारों के क्यों इतने तल्ख तेवर हो रहे हैं। बहरहाल जो भी हो अब बड़ी विधानसभामें बिरादरी के विधायक को दावेदारी से टक्कर मिल रही है। दावेदारी की बात करें तो यहां समाजवादी पार्टी से ब्राह्मण चेहरे के रूप में अमरपाल शर्मा का नाम लगभग तय है। वो इसी विधानसभा से पहले विधायक रहे हैं। उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा नगरपालिका चेयरपर्सन हैं। कमाल ये है कि जिसे भाजपाअपना गढ़ मानती है , उसी गढ़ में अमरपाल शर्मा की धर्मपत्नी ने निर्दलीय चुनाव लड़कर भाजपा को हराकर सीट जीती है। यहां अभी फिलहाल कोई तीसरा दावेदार दिख नही रहा है। खोड़ा नगरपालिका में जरूर पप्पू पहलवान ने जरूर आमद दर्ज कराई है। शहर विधानसभा सीट में टीआरपी किंग के रूप में मौजूदा विधायक संजीव शर्मा बिलिंक कर रहे हैं। उन्होंने यहां फिलहाल दिलों पर कब्जा किया हुआ है। हालाकि यहां भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का नाम दावेदारी में चलता है। लेकिन कई बार ये नाम वैश्य चेहरा होने के कारण मुरादनगर की तरफ मूव करता है। कई बार शहर सीट के अराउन्ड घूमता है। तीसरा उम्मीदवार यहां भी नहीं दिख रहा है। समाजवादी पार्टी से जरूर यहां अभिषेक गर्ग का नाम चलता है। बसपा का कोई दावेदार यहां नहीं है और कांग्रेस से कई चेहरे हैं लेकिन बड़ी बात ये है कि सीट चुनावी समीकरण के बाद ही तय होगी इसलिए कांग्रेस के फेस भी उतना बेस नहीं बनारहे हैं। लोनी और मोदीनगर पर फिलहाल खामोशी है। लेकिन ये खामोशी तूफान से पहले की मानी जा रही है। यहां क्या होगा, क्या नहीं होगा ये समय बतायेगा।

12 June -26 page 4 11-06-2026 9:34 PM Page 1



## संपादकीय

# पिता की खामोश मासूमियत

हमने किसी सोते हुए बच्चे को देखा होगा। उसे देखते हुए क्या हमें ऐसा नहीं लगता कि यह कितना मासूम है? उसके चेहरे पर जो मासूमियत होती है, उसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती। वह चेहरा हमारे सामने सदैव होता है, बच्चे के बड़े होने तक। हम उसी चेहरे को हमेशा प्यार करते हैं। एक और चेहरा हमारे सामने होता है। हम कोशिश करके उसे याद कर सकते हैं। हमसे कुछ सहायता प्राप्त करने वाला या कहा जाए कि हमसे उधार मांगने वाला चेहरा। इस चेहरे के भाव कुछ अलग से होते हैं, पर वह भी मासूम ही होता है। इस चेहरे पर दो तरह के भाव पाए जाते हैं। एक तो स्वाभिमान का, दूसरा शर्म का। जो हाथ पहले कभी किसी के आगे नहीं फैले होंगे, किसी वक्त वही हाथ कुछ मांगने के लिए किसी के सामने फैलाने पड़ते हैं। जो हाथ सदैव देने के लिए उठे होते हैं, बाद में वही मांगने के लिए उठते हैं। इन दोनों भावों को हम उस वक्त देख सकते हैं, जब हमसे कोई पहली बार उधार मांग रहा हो। मासूमियत वाले दो चेहरे और होते हैं। ये चेहरे होते हैं हमारे माता-पिता के। यह बात भले ही गले से नीचे नहीं उतर रही हो, पर यह सच है कि माता-पिता के चेहरे भी मासूम होते हैं। अगर हमें अपने माता-पिता के चेहरे पर मासूमियत नजर नहीं आ रही है, तो हमें अपनी समझदारी और दृष्टि पर गौर करने व उसमें सुधार करने की जरूरत है। अफसोस है कि हमें अपने माता-पिता कभी मासूम नहीं लगते। हालांकि, मां को इस सामाजिक व्यवस्था में मिले दर्जे की वजह से सर्वोच्च स्थान पर देखा जाता रहा है और इस नाते कई बार उनके चेहरे में मासूमियत दिखती है, जो स्वाभाविक और सही है। लेकिन पिता को आमतौर पर इस दृष्टि से नहीं देखा जाता। यह वह चेहरा होता है, जो सदैव सख्त दिखाई देता है। लोग इसी सख्त और गंभीरता वाले चेहरे से डर जाते हैं। हम उनके भीतर अजस्र रूप से बहती उस स्वच्छंद नदी के प्रवाह को नहीं देख पाते, जो सदैव बना रहता है। जो देख पाते हैं, वे बहुत ही भाग्यशाली होते हैं। आज जीवन मूल्य तेजी से बदल रहे हैं। सामाजिक जीवन अब कुछ ऐसी जटिलताओं से गुजर रहा है कि पिता-पुत्र के बीच की दूरियां बहुत बढ़ गई हैं। आपाधापी इतनी है कि घर में रहने वाले और तेजी से बड़े होते बच्चों के साथ संवाद तो जैसे गायब हो गया है। कई बार संवाद का काम आंखें ही कर लेती हैं। प्यार से गले लगाने के दृश्य तो अब यदा-कदा ही दिखाई देते हैं। पिता-पुत्र के बीच संवाद के सेतु का काम मां को ही करना होता है। जहां मां न हो, वहां तो स्थिति और भी विकट होती है। बच्चे को बड़ा होते देखना भला किसे नहीं भाता, पर बच्चा इतना भी बड़ा न बन जाए कि उससे संवाद करने के लिए वातावरण को हल्का करने की आवश्यकता पड़े। दिन भारी लगने लगते हैं, जब बच्चे से बात करने के लिए पिता को इंतजार करना पड़ता है। संभव है कई घरों में वातावरण हल्का रहता हो। पिता और पुत्र एक मित्र की तरह संवाद करते दिखाई देते हों। साथ-साथ घूमने जाना, एक साथ मिल कर भोजन करना आदि क्रियाकलाप हों। ऐसे माहौल में पता ही नहीं चलता कि घर में किसकी चलती है।

# शेयर बाजार और रुपये में गिरावट निवेशकों की बढ़ी चिंता

## सेंसेक्स 150 अंक लुढ़ककर 73,832 पर और निफ्टी 53 अंक टूटकर 23,161 पर बंद

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 50 पैसे कमजोर होकर 95.75 के स्तर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार और मुद्रा बाजार (करेंसी मार्केट) में गुरुवार को दोनों में ही सुस्ती और निराशा का माहौल देखने को मिला। एक तरफ जहां शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में भी भारी गिरावट दर्ज की गई।

कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 150.63 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। इस 0.20% की गिरावट के बाद सेंसेक्स 73,832.55 के स्तर पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी इस सुस्ती से अछूता नहीं रहा। निफ्टी में 53.35 अंकों यानी 0.23% की कमजोरी देखी गई, जिसके बाद यह 23,161.60 के स्तर पर बंद हुआ।

शेयर बाजार की इस गिरावट के साथ-साथ मुद्रा बाजार में भी भारतीय रुपये को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 50 पैसे की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस बड़ी कमजोरी के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले 95.75 (प्रोविजनल) के स्तर पर बंद हुआ। भारतीय बाजारों के लिए गिरावट का दिन साबित हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक लाल निशान में बंद हुए, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई बड़ी गिरावट ने बाजार के इस कमजोर प्रदर्शन को और स्पष्ट कर दिया है।

# कपड़ा उद्योग में लौटी तेजी, निर्यात को मिला बड़ा सहारा

## अमेरिकी शुल्क घटने और वैश्विक मांग बढ़ने से भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ा भरोसा

### वैश्विक खरीदारों के लिए भारत उभर रहा आकर्षक सोर्सिंग केंद्र, निर्यात बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय कपड़ा क्षेत्र अब सुधार के दौर में प्रवेश कर रहा है। अमेरिकी शुल्कों से जुड़ी अनिश्चितता कम होने और वैश्विक मांग में सुधार से यह संभव हुआ है। रिपोर्ट में उद्योग के बेहतर बुनियादी सिद्धांतों, मांग की स्पष्टता और अनुकूल नीतिगत विकास पर जोर दिया गया है। यह क्षेत्र अब नए आशावाद के चरण में प्रवेश कर रहा है। डोलाट कैपिटल की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2026 के अंत में एक बड़ा बदलाव आया। भारतीय कपड़ा उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क 50 फीसदी से घटकर 10 फीसदी हो गए। अमेरिकी प्रतिशोधात्मक और दंडात्मक शुल्कों के समाप्त होने से भारतीय कपड़ा क्षेत्र को बड़ी राहत मिली है। इससे व्यापार सामान्य हुआ और निर्यात की मात्रा स्थिर हुई। दंडात्मक शुल्कों को हटाने से भारतीय निर्यात की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बहाल हुई है। अमेरिकी बाजार में रुकी हुई मांग भी अब बाहर आ रही है। उद्योग के बुनियादी सिद्धांत भी काफी सुधरे हैं। कताई में क्षमता समेकन, कपास की लागत प्रतिस्पर्धा की बहाली और यार्न के प्रसार में मजबूत सुधार हुआ है। इससे पूरे मूल्य




श्रृंखला में लाभप्रदता बेहतर हुई है। अमेरिकी शुल्कों में कमी भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई है। पहले ये शुल्क 50 फीसदी तक पहुंच गए थे, जिससे भारतीय उत्पादों की लागत बढ़ गई थी। दंडात्मक शुल्क हटने से कुल शुल्क जो 65-69 फीसदी तक थे, वे अब काफी कम हो गए हैं। इससे भारतीय निर्यातकों को वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता वापस मिली है। अमेरिका में दबी हुई मांग भी अब सामने आ रही है, जिससे भारतीय उत्पादों की बिक्री में वृद्धि हो रही है। यह बदलाव उद्योग के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग के बुनियादी सिद्धांतों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कताई खंड में क्षमता का समेकन हुआ है।

# 96% परिवारों को शुरूआती मुआवजा मिलने का दावा

**नई दिल्ली।** बीते साल 12 जून 2025 को अहमदाबाद में एअर इंडिया के बोइंग 787 विमान (अक-171) के दुर्घटनाग्रस्त होने की पहली बरसी है। इस मौके से पहले एयरलाइन और जांच एजेंसियों से संबंधित दो बड़े अपडेट सामने आए हैं। एक तरफ जहां टाटा ग्रुप और एअर इंडिया ने पीड़ित परिवारों को मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है, वहीं इस भयानक विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट इंजन के तकनीकी विश्लेषण में समय लगने के कारण अटक गई है। इस हादसे में 229 यात्रियों, 12 क्रू मेंबर और जमीन पर मौजूद 19 लोगों सहित कुल 260 लोगों की मौत हो गई थी।




एअर इंडिया से जुड़े सूत्रों के अनुसार हादसे के बाद जान गंवाने वालों में से 96% के परिवारों को उनकी तत्काल आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 25-25 लाख रुपये (21,000 पाउंड) का अंतरिम मुआवजा दिया जा चुका है। बचे हुए चार प्रतिशत मामले ऐसे हैं जहां मुख्य रूप से अधूरे दस्तावेजों या पारिवारिक विवादों के कारण भुगतान नहीं हो सका है। इसके अलावा, जमीन पर घायल हुए 94% लोगों को भी उनकी चोट और आजीविका के नुकसान के आधार पर एकमुश्त या अंतरिम मुआवजा मुहैया कराया जा चुका है। कानूनी बाध्यताओं से आगे बढ़ते हुए, टाटा संस ने 'अक171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' की स्थापना की है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन की घोषणा के मुताबिक, 91% मृतक परिवारों को 1-1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जा चुकी है। कंपनी ने एक बाहरी पार्टनर की मदद से घटनास्थल से 22,000 से अधिक निजी वस्तुओं को सुरक्षित किया है।

# इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर बड़ी राहत, एक्साइज ड्यूटी खत्म

### केंद्र सरकार ने ए22 से ए30 इथेनॉल ब्लेंड पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क किया शून्य

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और ग्लोबल क्रूड ऑयल की अस्थिर कीमतों के बीच, केंद्र सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था और आम आदमी के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्रालय ने एक नई अधिसूचना जारी कर उच्च इथेनॉल मिश्रण (22% से 30%) वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को पूरी तरह खत्म कर दिया है। यह ऐतिहासिक फैसला ऐसे समय में आया है जब भारत कच्चे तेल के आयात पर अपनी भारी निर्भरता कम करने और 'ग्रीन एनर्जी' (हरित ऊर्जा) की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। वित्त मंत्रालय की आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, 22 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक इथेनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल (यानी ए22, ए25, ए27 और ए30) पर अब कोई एक्साइज ड्यूटी नहीं लगेगी। यह




शुल्क अब शून्य कर दिया गया है। भारत के महत्वकांक्षी बायोफ्यूल प्रोग्राम के तहत ए20 (20% इथेनॉल) से ऊपर के ब्लेंड पर दिया गया यह पहला बड़ा वित्तीय प्रोत्साहन है। बाजार के मौजूदा हालात को देखें तो मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर का तेज उछाल आया था। इससे पहले मार्च में भी सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के वार्षिक राजस्व का नुकसान सहते हुए पेट्रोल-डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की ड्यूटी घटाई थी, ताकि जनता को ग्लोबल बाजार की महंगाई से बचाया जा सके। इसके अलावा तकनीकी मोर्चे पर 15 मई 2026 से भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने ए22 से ए30 पेट्रोल ब्लेंड के लिए नए गुणवत्ता मानक लागू कर दिए हैं। मानक तय होने के तुरंत बाद एक्साइज ड्यूटी हटना इस सेगमेंट में एक सुनियोजित तैयारी का संकेत है। यह उपभोक्ताओं का सबसे बड़ा सवाल है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इथेनॉल की औसत खरीद लागत 71.32 रुपये प्रति लीटर है (जीएसटी और ट्रांसपोर्टेशन सहित), जो रिफाइंड पेट्रोल की लागत से अधिक हो चुकी है। इसलिए ज्यादा ब्लेंडिंग के बावजूद खुदरा कीमतों में बड़ी गिरावट करना कंपनियों के लिए एक चुनौती है।

# आरबीआई ने 135 एनबीएफसी के लाइसेंस रद्द किए, सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल पर गिरी गाज

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने कड़ा एक्शन लेते हुए 135 एनबीएफसी के लाइसेंस रद्द किए, जिनमें सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल की कंपनियां शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी)




सेक्टर में बड़ी सफाई करते हुए एक बेहद सख्त कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने देश भर की 135 एनबीएफसी कंपनियों के 'सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन' (सीओआर) यानी पंजीकरण प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं। यह बड़ी कार्रवाई वित्तीय क्षेत्र में नियमों के पालन और नियामक निगरानी को मजबूत करने की दिशा में आरबीआई के कड़े रुख को दर्शाती है। आइए, एक बिजनेस जर्नलिस्ट के नजरिए से समझते हैं कि आरबीआई ने यह फैसला क्यों लिया है और इसका बाजार पर क्या असर होगा। 10 जून 2026 को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई 'भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934' की धारा 45-क्अ (6) के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई है। नियमों का पालन न करने और नियामक आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहने वाली संस्थाओं के खिलाफ यह कड़ा कदम उठाया गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- स्केल का भी आविष्कार भारत में हुआ था।
- दोनों आंखें खोलकर छीकना इंपॉसिबल हैं।
- अजवाइन को खाने में कितनी कैलोरी लगती है जितनी की अजवाइन से आपको कैलोरी नहीं मिलती।
- तोते इंसानो की तरह अपने बच्चों को एक नाम देते है। और उम्र भर उनका वही नाम रहता है।
- इंसान के दिमाग का विकास 40 साल की उम्र तक तक होता है।
- क्या आपको पता है कि, पाई का आविष्कार भी यहीं भारत में हुआ था।
- अगर कोई आपको अपनी सपने के बारे में बताएं तो यह जरूर पूछना कि उसका सपना कहां से शुरू हुआ, क्योंकि सपना कहां से शुरू हुआ यह बताना पॉसिबल नहीं।
- दुनिया का 70% उपयोग किए जाने वाले मसाले भारत में ही तैयार होते हैं।
- एक गधा रेत के दलदल में डूब सकता है परंतु एक खच्चर नहीं रुक सकता है।
- इंसानो की तरह तोते भी मोटापे की बीमारी का शिकार होते हैं।
- जब बच्चा पैदा होता है तो उस समय माँ को होने वाला दर्द एक साथ 20 हड्डियां टूटने के बराबर होता है।

## राशिफल

**मेष:** आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा।

**वृष:** आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। पूरा दिन तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है।

**कर्क:** नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोंक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए साझेदारी में किसी काम को करने के लिए रहेगा। योजनाओं को गति मिलेगी और समन्वय की भावना आपके अंदर बनी रहेगी।

**कन्या:** आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, आपका काम असान हो जाएगा। कोई पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा।

**तुला:** आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे।

**धनु:** आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। व्यापार में किसी एसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी।

**मकर:** आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कुंभ:** आज आपकी हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे।

**मीन:** बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

## चुटकुले

दरोगा - तुमने हवलदार की जेब में माचिस क्यों जलाई?
टोलू- सर, हवालदार साहब ने कहा था, अगर जेल नहीं जाना चाहता तो , तो जेब गर्म कर,
मैंने माचिस जला दी।

---

बिट्टू- आज सुबह जब मैं पापा के साथ बस में आ रहा था तो उन्होंने एक आंटी के लिए मुझसे अपनी सीट छोड़ने को कहा,
मां- बेटा यह तो अच्छी बात है, बड़ों का सम्मान करना चाहिए
बिट्टू - मगर मां, मैं तो पापा की गोद में बैठा हुआ था।

---

एक अक्षर गलत होने की वजह से एक किताब की 10 लाख कॉपियां दो दिन में ही बिक गईं.
दरअसल, ये गलती उस किताब के टाइटल में हो गई थी.
किताब का नाम था - 'एक आइडिया जो आपकी लाइफ बदल दे'
और गलती से हो गया - 'एक आइडिया जो आपकी वाइफ बदल दे'।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।


**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी



दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)


## 12 06 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

# जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



गोपीचंद (अभिनेता)



सिद्धार्थ सिंह | सात्विक चौधरी | रूबी तोमर | मनीषा अग्रवाल | प्रीति वर्मा



अलका शर्मा | बिजेन्द्र यादव | उपेन्द्र शिशोदिया | संदीप भाटी | लवी गर्ग | प्रियांशु शर्मा



आलोक मिश्रा | गोकुलेश्वर कुमार द्विवेदी | रोहित कौशिक | शुबोध सिंह | सुमित कुमार | राहुल गोला



सुजीत शर्मा | सईद अहमद अंसारी | राहुल लक्ष्मण रावत | राजेन्द्र सिंह | मोहम्मद जैद सलमानी | माधव तायल



रमेश शर्मा | उपेन्द्र प्रताप सिंह | आयुष गंगवार | लवी गर्ग | विक्रम जाटव | फैजल मलिक | पिंटू

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



## क्या टी20 में खिताब का सूखा खत्म कर पाएगी भारतीय टीम?

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाना है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। भारतीय महिला टीम ने अब तक कभी भी टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीता है, लेकिन इस बार वह इसकी प्रब दावेदार नजर आ रही है। दमदार फॉर्म में बल्लेबाजी क्रमः भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम इस बार काफी दमदार नजर आ रहा है। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना बढ़िया दौर से गुजर रही हैं। इन दोनों ही सलामी बल्लेबाजों का रिकॉर्ड इंग्लैंड की धरती पर कमाल का रहा है। इसके साथ ही जेमिमा रोड्रिग्स लड़खड़ाती हुई पारी को संभालने में माहिर हैं। वहीं, कप्तान हरमनप्रीत कौर अपनी बल्लेबाजी के बूते किसी भी मैच का रुख पलटने का दमखम रखती हैं। भारतीय टीम के लिहाज से अच्छी बात यह है कि हरमनप्रीत पिछले कुछ मुकाबलों में अच्छी लय में दिखाई दी हैं।

# फीफा विश्वकप के उद्घाटन मैच में खराब है मेक्सिको का रिकॉर्ड, द.अफ्रीका के खिलाफ टूटेगा तिलिस्म

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप की शुरूआत होने में अब कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं। पहले मैच में सह मेजबान मेक्सिको का सामना दक्षिण अफ्रीका से है। दोनों टीमें इससे पहले 2010 विश्व कप के पहले मैच में भी आमने-सामने आ चुकी हैं। सहमेजबान मेक्सिको का फुटबॉल विश्व कप के पहले दिन खेलते हुए रिकॉर्ड काफी खराब है और टीम आमतौर पर विश्व कप के पहले दिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती।

पिछले सात प्रयास में मेक्सिको की टीम को पांच बार हार का सामना करना पड़ा, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। गुरुवार को मेक्सिको को एक और मौका मिलेगा जब वह 48 टीम वाले टूर्नामेंट के शुरूआती दिन दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। फीफा विश्व कप के पहले मैच में मेक्सिको का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारतीय समयानुसार, ये मैच रात 12:30 बजे शुरू होगा।



### 2010 में ड्रॉ रहा था दोनों टीमों के बीच मैच

गुरुवार का यह मैच दक्षिण अफ्रीका में 2010 विश्व कप के उद्घाटन मैच जैसा ही है। वह मैच जोहानिसबर्ग में 1-1 से ड्रॉ हुआ था। मेक्सिको के मैनेजर के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल संभाल रहे एग्वायरे ने टीम को वर्षों बाद अपना सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खेलते हुए देखा है और टीम सात मैच के अजेय अभियान के साथ विश्व कप में उतर रही है। मेक्सिको को अपनी पिछली हार नवंबर में पैराग्वे के खिलाफ मिली थी। एग्वायरे ने कहा, यह हमारे लिए एक शानदार दिन हो सकता है। चाहे कुछ भी हो यह एक ऐसा जश्न होगा जो दशकों तक याद रखा जाएगा। एग्वायरे ने 1986 में अपने देश में हुए विश्व कप में मेक्सिको का प्रतिनिधित्व किया था तब टीम ने टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच नहीं खेला था लेकिन क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी। मेक्सिको 1930, 1950, 1954, 1958 और 1962 विश्व कप में पहले दिन हुए अपने मैच हार गया था और 1970 (अपने देश में) और 2010 में मैच ड्रॉ रहे थे।

### कोच को सिलसिला तोड़ने की उम्मीद

कोच जेवियर एग्वायरे ने बुधवार को एज्टेका स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमें इस सिलसिले को तोड़ना होगा। मुझे इसके बारे में पता नहीं था लेकिन मैं खिलाड़ियों को इसके बारे में बताऊंगा।

यह उन्हें यह बताने का एक अच्छा कारण है कि हमें मैदान पर उतरकर मैच जीतना है। उम्मीद है कि हम इस सिलसिले को तोड़ देंगे।

# 'रोहित-कोहली की मौजूदगी गिल के लिए फायदेमंद होगी', वनडे विश्व कप को लेकर रैना ने रखी राय

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर कई तरह की चचाएं चल रही है। अब सुरेश रैना ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि अगर रोहित-कोहली टीम में होते हैं तो यह कप्तान शुभमन गिल के लिए फायदेमंद होगा।



भारत के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना का मानना है कि 2027 वनडे विश्व कप में भारतीय टीम के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि युवा कप्तान शुभमन गिल को इन दोनों दिग्गजों के अनुभव का बहुत फायदा मिलेगा। रैना के अनुसार, बड़े टूर्नामेंट में अनुभव अक्सर निर्णायक भूमिका निभाता है और कोहली-रोहित जैसे खिलाड़ी टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकालने की क्षमता रखते हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब कोहली और रोहित केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। 2019 में हुए आईसीसी वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा ने नौ मुकाबलों में 648 रन बनाए थे। उन्होंने पांच शतक और एक अर्धशतक लगाया था और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। इसके साथ ही वह विश्व कप के एक ही संस्करण में पांच शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे। वहीं, 2023 में भारत की धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप में विराट कोहली ने इतिहास रचते हुए 11 पारियों में 765 रन बनाए थे। वह टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। कोहली ने एक विश्व कप संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया, जो इससे पहले सचिन तेंदुलकर( 673 रन) के नाम था।

**रैना बोले- रोहित और कोहली के रहने से मिलेगी मदद**

रैना का मानना है कि अगर कोहली और रोहित 2027 विश्व कप तक फिट रहते हैं तो उनका अनुभव और मैच जिताने की क्षमता भारतीय टीम की खिताबी उम्मीदों को और मजबूत कर सकती है। रैना ने कहा, विराट कोहली के लिए शारीरिक और मानसिक तैयारी जरूरी होगी। वह सफेद गेंद की क्रिकेट में बहुत मजबूत दिखते हैं।

# बारिश के कारण फिर रुका मैच, इमरान और बाहिर के अर्धशतक, दोनों के बीच शतकीय साझेदारी

**दांबुला।** भारत ए और अफगानिस्तान ए के बीच त्रिकोणीय सीरीज का मुकाबला चल रहा है। अफगानिस्तान ए ने इस मैच में टॉस जीतकर भारत ए को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत ए ने 49 ओवर में नौ विकेट पर 349 रन बनाए। हालांकि, बारिश के कारण मैच रुका रहा जिस कारण अफगानिस्तान ए को 38 ओवर में 294 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला है।

प्रभसिमरन सिंह, ऋतुराज गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने त्रिकोणीय सीरीज के मुकाबले में अफगानिस्तान ए के खिलाफ 49 ओवर में नौ विकेट पर 349 रन बनाए।हालांकि, बारिश के कारण मैच रुका रहा जिस कारण अफगानिस्तान ए को 38 ओवर में 294 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला है। भारत ए और अफगानिस्तान ए के बीच दांबुला में त्रिकोणीय सीरीज का मुकाबला खेला जा रहा है।



**अफगानिस्तान ए की पारी**

अफगानिस्तान ए की पारी फिलहाल जारी है। कप्तान इमरान और बाहिर शाह क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है और दोनों के अर्धशतक भी पूरे हो गए हैं। इससे पहले हसन ईसाखिल 34 और खालिद तानिवल दो रन बनाकर आउट हो गए। बारिश एक बार फिर खलल डाल रही है। 25.5 ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 177 रन है।

**बारिश के कारण ओवर में कटौतीः** बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा था, लेकिन कुछ देर बाद मुकाबला दोबारा शुरू हो गया है। बारिश के कारण ओवर में कटौती हुई और अब मैच 49-49 ओवर कराने का फैसला किया गया। लेकिन भारत ए की पारी के खत्म होने के बाद बारिश ने मैच में भी खलला डाला जिसके बाद ओवर में दोबारा कटौती की गई।

**वैभव-प्रभसिमरन की दमदार बल्लेबाजीः** अफगानिस्तान ए ने इस मैच में टॉस जीतकर भारत ए को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए को वैभव और प्रभसिमरन ने दमदार शुरूआत दिलाई। वैभव श्रीलंका ए के खिलाफ पिछले मैच में नहीं चले थे, लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ उनका बल्ला जमकर गरजा। वैभव 22 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। वैभव और प्रभसिमरन के बीच पहले विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई।

**ऋतुराज-प्रभसिमरन की साझेदारीः** दो झटके लगने के बाद ऋतुराज और प्रभसिमरन ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी की जिससे टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंच गया। प्रभसिमरन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और शतक लगाने के करीब थे, लेकिन इमरान मीर ने उन्हें विकेट के पीछे कैच कराकर आउट किया।

# फटाफट क्रिकेट में दम दिखाने की बारी, पहली बार खिताब जीत सकेगी भारतीय महिला टीम

**एजबेस्टन।** भारतीय टीम महिला टी20 विश्व कप में अपने पहले खिताब की तलाश में उतरेगी। टूर्नामेंट के पहले दिन मेजबान इंग्लैंड का सामना श्रीलंका से एजबेस्टन में होगा।

महिला टी20 विश्व कप 2026 की शुक्रवार से शुरूआत होने जा रही है। भारतीय महिला टीम ने अब तक कभी टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम नहीं किया है, लेकिन वह इस बार प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। भारत अपने अभियान की शुरूआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से करेगा। भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीम आईसीसी टी20 महिला विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के पारंपरिक दबदबे को चुनौती दे सकती हैं।



**पहले से कहीं अधिक बड़ा और रोमांचक होगा टूर्नामेंट**

यह भाग लेने वाली टीम की संख्या (12) के हिसाब से भी सबसे बड़ा है जिसमें 2024 की तुलना में आयरलैंड और नीदरलैंड भी शामिल हो गए हैं। यह विस्तार इस बात का संकेत है कि महिला क्रिकेट दुनिया भर में मजबूत हो रहा है, लेकिन इससे भी अधिक खुशी की बात है कि सभी टीम को बराबरी का मौका मिल रहा है और नई प्रतिभाएं सामने आ रही हैं।

इंग्लैंड के पास ऐलिस कैप्सी, टिली कोर्टीन-कोलमैन और फ्रेया कैम्प जैसी युवा खिलाड़ी हैं, जबकि श्रीलंका की टीम में विश्मी गुणरत्ने, इमेशा दुलानी, कविशा दिलहारी और काव्या काविंदी जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर 25 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय सर्किट की सबसे युवा कप्तानों में से एक हैं। उनकी 2020-21 सत्र के दौरान अवसास और आत्महत्या के विचारों से उबरने की उनकी कहानी भी बहुत प्रेरणादायक है। मजबूत दावेदार भारत की टीम में एन श्री चरणी, यस्तिका भाटिया और नंदनी शर्मा जैसी युवा खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब भी खिताब जीतने के लिए अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा कर रही है लेकिन उनकी टीम में बल्लेबाज जॉर्जिया वोल और बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी लूसी हैमिल्टन के रूप में दो बेहतरीन युवा स्टार भी हैं। लॉरा वोलवार्ट की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को कायला रेनेके और एनेरी डर्कसेन जैसे नए खिलाड़ियों की पीढ़ी आगे बढ़ रही है, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल और डैन वैन नीकर्क को संन्यास से वापस बुलाया गया है।

**नई खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर**

इन नई खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सभी की नजरें रहेगी क्योंकि उन पर उन शानदार खिलाड़ियों की विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है जो अपने शानदार करियर के आखिरी पड़ाव पर हैं। वर्ष 2017 के बाद पहली बार आईसीसी खिताब के बिना उतर रहे ऑस्ट्रेलिया का दबदबा अब भी कायम है और उन्हें हराना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

# विश्व कप से पहले ईरान ने दी चेतावनी, राष्ट्रीय टीम के खिलाफ नारेबाजी होने पर मैच रोकने की धमकी

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप की शुरूआत से पहले ही टूर्नामेंट विवादों में घिरता जा रहा है। ईरान के खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर मैच के दौरान राष्ट्रीय टीम के खिलाफ नारेबाजी होती है तो वह मैच को रोक देंगे।



ईरान के खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने चेतावनी दी है कि अगर फीफा विश्व कप मुकाबलों के दौरान स्टेडियम में आधिकारिक रूप से स्वीकृत नहीं किए गए झंडे प्रदर्शित किए गए या राष्ट्रीय टीम के खिलाफ नारेबाजी की गई तो ईरानी टीम मैच रोक सकती है। ईरान ग्रुप-जी में है। इस टीम का पहला मुकाबला 15 जून को लॉस एंजिलिस में न्यूजीलैंड से होगा। 21 जून को उसी जगह पर ईरान की टीम बेल्जियम से भिड़ेगी, जबकि 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ इस टीम का सामना होगा।

**ईरान के खेल मंत्री ने किया आगाह**

ईरानी मीडिया के अनुसार, दुन्यामाली ने कहा, 'हमने फीफा को बता दिया है कि जहां ईरान विश्व कप में खेलेगा, अगर उन स्टेडियम में आधिकारिक रूप से स्वीकृत नहीं किए गए झंडे लाए जाते हैं या राष्ट्रीय टीम के खिलाफ नारे लगाए जाते हैं तो टीम मैनेजर निश्चित रूप से मैच रोकने के लिए जिम्मेदार होंगे।' मंत्री ने आगे कहा कि ईरानी अधिकारियों को टीम के ग्रुप-स्टेज के आखिरी मैच को लेकर आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा, हमें भरोसा दिलाया गया है कि मिस्र के खिलाफ मुकाबले के दौरान स्टेडियम में कोई भी गड़बड़ी वाली घटना नहीं होगी। अप्रैल में वैंकूवर में फीफा कांग्रेस के बाहर प्रदर्शनकारी जमा हुए, जिन्होंने ईरान को विश्व कप से बाहर करने की मांग की थी। उनका तर्क था कि राष्ट्रीय टीम ईरानी लोगों के बजाय इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का प्रतिनिधित्व करती है।

मिस्र के खिलाफ ईरान के मैच ने भी तब ध्यान खींचा जब दोनों देशों के फुटबॉल संघों ने कथित तौर पर फीफा से खेल के दौरान एलजीबीटीक्यू से जुड़ी गतिविधियों को रोकने का आग्रह किया। स्थानीय आयोजकों ने इस मैच को सिएटल के प्राइड वीकेंड समारोह के लिए प्राइड मैच के तौर पर तय किया है। मैदान के बाहर, ईरानी टीम को टूर्नामेंट से पहले कई संगठनात्मक समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

# राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ को भारत अंडर-19 टीम में मौका

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने श्रीलंका दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम का एलान कर दिया है, जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के 17 वर्षीय बेटे अन्वय द्रविड़ को वनडे टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में जगह मिली है। अन्वय ने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था और अब वह 4 जुलाई से शुरू होने वाले श्रीलंका दौरे पर भारत अंडर-19 टीम का हिस्सा होंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की जूनियर क्रिकेट समिति ने गुरुवार को श्रीलंका दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीमों की घोषणा कर दी।

इस दौरे पर भारतीय टीम तीन एकदिवसीय और दो बहु-दिवसीय मैच खेलेगी। दौरे की शुरूआत चार जुलाई से होगी। इस टीम चयन की सबसे बड़ी चर्चा पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय द्रविड़ को लेकर रही, जिन्हें वनडे टीम में जगह मिली है। अन्वय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए हैं। उनके साथ राजत बघेल भी विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे।

**यशबर्धन चौहान को कप्तानी**

बीसीसीआई ने दोनों प्रारूपों की टीमों की कमान यशबर्धन सिंह चौहान को सौंपी है, जबकि लक्ष्य रायचंदानी को उपकप्तान बनाया गया है।





**घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम**

### श्रीलंका दौरे के लिए टीम घोषित

17 वर्षीय अन्वय द्रविड़ ने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कर्नाटक अंडर-19 टीम की कप्तानी करते हुए टीम को वीनू मांकड़ ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया था।

इस टूर्नामेंट में उन्होंने छह मैचों में 220 रन बनाए, जिसमें नाबाद 82 रन की पारी भी शामिल रही। अन्वय भारत अंडर-19 बी टीम के लिए बेंगलुरु में आयोजित त्रिकोणीय श्रृंखला में भी खेल चुके हैं, जिसमें भारत ए और अफगानिस्तान अंडर-19 टीमों ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा अच्छे प्रदर्शन के दम पर उन्हें अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी की टीम-सी में भी जगह मिली थी।

**बड़े भाई समित भी रह चुके हैं अंडर-19 टीम का हिस्सा**

अन्वय के बड़े भाई समित द्रविड़ को भी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए भारत अंडर-19 टीम में चुना गया था, लेकिन चोट के कारण वह सीरीज नहीं खेल पाए थे।

**भारत अंडर-19 टीम का श्रीलंका दौरा**

| तारीख | समय (स्थानीय) | मैच | स्थान |
|---|---|---|---|
| 4 जुलाई (शनिवार) | सुबह 10 :00 बजे | पहला वनडे | हंबनटोटा |
| 6 जुलाई 2026 (सोमवार) | सुबह 10 :00 बजे | दूसरा वनडे | हंबनटोटा |
| 9 जुलाई 2026 (गुरुवार) | सुबह 10 :00 बजे | तीसरा वनडे | हंबनटोटा |
| 13 जुलाई - 16 जुलाई 2026 | सुबह 10 :00 बजे | पहला बहु-दिवसीय मैच | गाले |
| 20 जुलाई - 23 जुलाई 2026 | सुबह 10 :00 बजे | दूसरा बहु-दिवसीय मैच | कोलंबो |

# कौन हैं निखिल चौधरी?: हरभजन सिंह की कप्तानी में पंजाब के लिए खेले

## अब ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में मिली जगह





**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय मूल के निखिल चौधरी को मौका दिया है। निखिल घरेलू क्रिकेट में पंजाब के लिए खेल चुके हैं और पिछले पांच साल से ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं।

ट्रेविस हेड की लेंगे जगह

दिल्ली में जन्मे और बाद में ऑस्ट्रेलिया जाकर बसने वाले निखिल अगर 17 जून से चट्टोग्राम में शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए प्लेइंग-11 में चुने जाते हैं, तो वे भारत में जन्मे ऐसे पहले ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं जो 60 से अधिक वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे। निखिल को विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड की जगह चुना गया है और ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता टोनी डोडेमैड को भरोसा है कि यह गेंदबाजी ऑलराउंडर अच्छा प्रदर्शन करेगा।

**युवराज-गिल के साथ खेल चुके हैं निखिल**

30 साल के निखिल ने 2017-19 के बीच पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट में 14 मैच खेल जिसमें 12 टी20 मैच शामिल है।

### बीबीएल में अपने प्रदर्शन से किया है प्रभावित

ब्रिसबेन में ग्रेड क्रिकेट खेलते समय, हरिकेंस के तत्कालीन गेंदबाजी कोच (जो अब सिडनी सिक्सर्स के कोच हैं) जेम्स होप्स की नजर उन पर पड़ी थी। इसके बाद उन्होंने बीबीएल में हरिकेंस के लिए तीन शानदार सीजन खेले हैं। निखिल ने हरिकेंस को 2024-25 में बीबीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई और तस्मानिया के लिए लिस्ट ए और प्रथम श्रेणी डेब्यू किया। उन्होंने शेफील्ड शील्ड में शतक लगाया और पांच विकेट भी झटके थे।

**बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम:** मिचेल मार्श (कप्तान), जैवियर बार्टलेट, निखिल चौधरी, कूपर कोनोली, टिम डेविड, जोएल डेविस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मैथ्यू कुहैनमैन, रिले मेरेडिथ, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, एडम जांपा।

### ऑस्ट्रेलिया की नहीं है नागरिकता

निखिल 2020 में क्वींसलैंड में अपने अंकल से मिलने ऑस्ट्रेलिया गए थे, लेकिन कोविड महामारी के कारण ऑस्ट्रेलिया ने अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं बंद कर दी। निखिल वहीं रुक गए और अभी उनके पास अस्थायी वीजा है जो 2027 तक मान्य है। उनके पास अभी तक स्थायी रेजडेंसी या नागरिकता नहीं है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में पांच साल रहने के कारण वे नागरिक न होने के बावजूद आईसीसी के नियमों के तहत राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के योग्य हैं।

उन्होंने इंटर स्टेट टी20 टूर्नामेंट और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी हिस्सा लिया है। इतना ही नहीं निखिल विजय हजारे ट्रॉफी में दो लिस्ट ए मैच भी खेल चुके हैं। निखिल ने हरभजन सिंह की कप्तानी में खेला है और इस टीम में युवराज सिंह और शुभमन गिल जैसे भारतीय सितारे भी शामिल रहे हैं।

# 96 साल में केवल 15 फुटबॉलर ही कर पाए ये 'डबल' पूरा, मेसी-डि मारिया लिस्ट में, पर रोनाल्डो चूके

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप और ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना हर फुटबॉलर का सपना होता है, लेकिन 96 साल के इतिहास में सिर्फ 15 खिलाड़ी ही यह अनोखा ह्यडबलह्व हासिल कर सके हैं। इनमें अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और एंजेल डि मारिया ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पिछले 81 साल में यह उपलब्धि हासिल की।

वैश्विक फुटबॉल में क्लब फुटबॉल को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है, लेकिन अपने देश के लिए फीफा विश्व कप और ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। इन दोनों प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करना बेहद मुश्किल माना जाता है और विश्व कप ट्रॉफी के साथ ओलंपिक स्वर्ण जीतना तो और भी दुर्लभ उपलब्धि है।





96 साल में सिर्फ 15 खिलाड़ी बना सके इतिहास

साल 1930 में पहले फीफा विश्व कप का आयोजन हुआ था। तब से अब तक अनुमानित तौर पर 7,016 फुटबॉलर विश्व कप में कम से कम एक मुकाबला खेल चुके हैं। हालांकि, इनमें से सिर्फ 15 खिलाड़ी ही ऐसे रहे हैं, जिन्होंने फीफा विश्व कप जीतने के साथ ओलंपिक में स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया है। यह अनोखा रिकॉर्ड सिर्फ तीन देशों के खिलाड़ियों के नाम दर्ज है। इनमें अर्जेंटीना, इटली और उरुग्वे शामिल हैं।

**पिछले 81 साल में सिर्फ मेसी और डि मारियाः** इस सूची में सबसे खास नाम लियोनल मेसी और एंजेल डि मारिया का है। दोनों खिलाड़ियों ने अर्जेंटीना को 2022 फीफा विश्व कप जिताया था और इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक भी जीता था।

दूसरे विश्व युद्ध के बाद पिछले 81 साल में यह उपलब्धि हासिल करने वाले यही दो खिलाड़ी हैं। इटली के सर्गियो बतोर्नी, अल्फ्रेडो फोनी, उगो लोकातेली और पिएत्रो रावा ने 1936 बर्लिन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 1938 फीफा विश्व कप भी अपने नाम किया था।

# गाजियाबाद आसपास




## श्री मद्भागवत कथा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कविनगर के संकटमोचन मंदिर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालु आ रहे हैं। कविनगर में आयोजित हो रहे कथा महोत्सव में गुरूवार को भी श्रद्धालुओं ने कथा महोत्सव में भक्ति रस का आनन्द लिया। कविनगर के कथा महोत्सव में समाज के गणमान्य लोग पहुंच रहे हैं।

## लोनी में सैलून संचालक की चाकू मारकर हत्या, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान तस्लीम पुत्र निवासी आशियाना सिटी, चौकी अशोक विहार, थाना लोनी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तस्लीम सैलून का संचालन करता था। पुलिस के अनुसार गुरुवार को मृतक के परिजनों द्वारा थाना लोनी में सूचना दी गई कि कुछ लोगों ने तस्लीम पर चाकू से हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी ने कहा है कि सूचना मिलते ही थाना लोनी पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल में शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।




### अगर 200 वोट हैं राम वालों की झोली तो वोटर दे रहे हैं किसी को तो गोली

करोड़ों वाली रामलीला में चुनाव का बिगुल बज गया है। एक ऐसी रामलीला जहां बैंक खाते में करोड़ों रूपये जमा है। यहां पार्किंग का ठेका ही 21 लाख में छूटता है। रामलीला का चुनावी बिगुल बजा है तो चुनावी योद्धा भी तैयार हैं। लेकिन यहां सबसे रोचक बात ये है कि वोटर लगभग 300 हैं और हर खेमा अपनी जेब में 200 वोटर होने की दुहाई दे रहा है, वो गारंटी दे रहे हैं कि ये रही वोटर लिस्ट और लिखकर रख लो कि ये वोट हमारा है। कहानी का ट्विस्ट ये है कि वोटर लिस्ट के कई नाम दोनों तरफ की जुबान पर हैं। अब यहां कहने वाले ने कहा कि अगर दोनों ही पक्ष इस बात का दावा कर रहे हैं कि 200 वोट हमारी झोली में हैं तो आप ये मानकर चलो कि ये जो रामलीला के वोटर हैं ये इन दानों ही पक्षों को गोली दे रहे हैं। खास बातये है कि ये वोटर मैनेज होने वाली कैटेगरी के नही हैं। ये प्रतिष्ठित वर्ग के वोटर हैं ओर ये इतने सोशल हैं कि अपने वोट को लेकर बिल्कुल भी वोकल नहीं होंगे। उम्मीदवार भी लोकल और वोटर भी लोकल हैं और ऐसे में ज्यादा वोकल होकर वो नाराजगी मोल नहीं लेना चाहते। लेकिन दोनों पक्ष के दावेदार इस बात से खबरदार रहें कि ये वोट की गारंटी लास्ट मौके पर रंग दिखायेगी।

### किस नामित ने कर दिया किस ठेकेदार को एडवांस में ही फोन

उनपर सरकार की कृपा हुई है और उनके घर के आगे नामित वाला बोर्ड लग गया है। मौहल्ले वालों से लेकर रिश्तेदार भी उन्हें मैम्बर साहर कहकर बुला रहे हैं। लेकिन ऐसा क्या है कि अभी सफर शुरू नहीं हुआ और उनके बारे में दल वालों से लेकर मौहल्ले वाले कुछ कुछ बता रहे हैं। अभी तक तो किस्से ठेली पटरी वालों की उगाही के सुने जा रहे थे और अब किस्सा ठेकेदार की जुबान से बाहर आया है। कहानी का मोल ये है कि ठेकेदार भी पुराना भाजपाई है। कहानी में और इंटरेस्टिंग प्वाईंट ये है कि अभी टेंडर नहीं हुआ है, अभी सिर्फ आवेदन हुआ है। स्पीड की बात चली तो पता चला कि नामित वालों का फोन एक ठेकेदार के पास पहुंचा। पहले नामित ने अपना परिचय दिया और नम्बर फीड करने को कहा। इसके बाद उसकी स्पीड देखकर ठेकेदार हैरान रह गया। नामित ने कहा कि यह काम मेरी स्वीकृति पर होगा। लिहाजा मुझे बताने के बाद ही काम शुरू करना। ठेकेदार ने पहले तो नामित को बताया कि आई एम ओल्सो फ्रॉम फैमिली। फिर बताया कि हुजूर अभी तो लम्बी प्रक्रिया से ये फाईल गुजरेगी और आपने बहुत एडवांस में फोन कर लिया। जो भी ठेकेदार होगा आपको जरूर फोन कर लेगा।

### आप पब्लिक की बात छोड़ो हाथ वाले तो अपने कार्यकर्ता के साथ भी नहीं जाते

ये फूल वाले हैं भले ही कुछ भी कहें लेकिन ये किसी भी मुददे को तूल देने में पूरी पीएचडी किये हुए हैं। कार्यकर्ता के लिए थाना घेरना हो तो और बड़े अफसर के यहां ज्ञापन देना हो तो इसके नेता जाते जरूर हैं। बड़ा परिवारहै तो थोड़ी बहुत तकरार हो जाती है लेकिन यहां पब्लिक से लेकर देवतुल्य तक नेता नजर आते हैं। फूल वालों की ये खूबी बताते हुए कांग्रेस की महिला वर्कर ने शब्दों की एक योरकर बोल हाथ वाले नेता के सामने ही डाली। उन्होंने कहा कि आप हाथ वाले नेताओं की बात मत करो। ये पब्लिक के साथ तो तब होंगे जब ये अपने कार्यकर्ता के साथ हों। महिला वर्कर ने कहा कि हमें अगर ज्ञापन भी देना है तो हम अपने दम पर जाते हैं। इसलिए हम खुद को वहां कांग्रेसी नहीं बल्कि सोशल वर्कर बताते हैं। जब लड़ाई हमें लड़नी है तो इन्हें किस बात का लीड़र घोषित कर दें हम।

## एलिवेटेड रोड के नीचे वॉकिंग ट्रैक बनाने की मांग पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी ने उठाई आवाज

**खाली जगह को इंडोर गेम्स व जॉगिंग ट्रैक में बदलने का सुझाव, पार्कों में बढ़ती भीड़ बनी वजह**



**साहिबाबाद (करंट क्राइम )।** शहर में पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित स्थान की कमी को देखते हुए नागरिकों ने वैशाली सेक्टर-6 से वसुंधरा एवं सेक्टर-1 तक बने एलिवेटेड रोड के नीचे खाली पड़ी जगह को वॉकिंग-जॉगिंग ट्रैक और इंडोर गेम्स क्षेत्र के रूप में विकसित करने की मांग उठाई है। पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी चिंटू ने जनहित में मांग की है। उनका कहना है कि आज अधिकांश पार्क क्षमता से अधिक भीड़भाड़ वाले हो चुके हैं। जगह की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोग सुबह-शाम सड़कों पर वॉक करने को मजबूर हैं, जो असुविधाजनक होने के साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी उचित नहीं है।

यदि एलिवेटेड रोड के नीचे सुंदर ट्रैक विकसित किया जाए तो हजारों नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक स्थान मिलेगा। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोग प्रदूषण से भी बच सकेंगे। नागरिकों का मानना है कि यह पहल स्वास्थ्य, पर्यावरण और जनसुरक्षा तीनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। शहर को स्वास्थ्यवर्धक एवं पैदल यात्रियों के



अनुकूल बनाने की दिशा में यह एक अहम कदम होगा। प्रशासन से इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने की अपील की गई है। पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी ने बताया कि एलिवेटेड के नीचे झुग्गी झोपड़ियां बस गई है जिससे लोगों ने डेरी भी बना रखी है प्रशासन को ध्यान देना चाहिए एलिवेटेड के नीचे अवैध कब्जे हो रहे हैं।

## 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में 30वीं अंतर वाहिनी वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का समापन

**-41वीं वाहिनी बनी वॉलीबॉल चैंपियन, 9वीं वाहिनी मुरादाबाद ने सेपक टकरा में मारी बाजी**

**-डीआईजी कल्पना सक्सेना ने विजेताओं को किया पुरस्कृत**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के प्रांगण में तीन दिन से चल रही पीएसी पश्चिमी जोन की 30वीं अंतर वाहिनी वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का समापन हुआ। प्रतियोगिता में पश्चिमी जोन की कुल 14 वाहिनियों की टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना के साथ भाग लिया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मेरठ अनुभाग कल्पना सक्सेना आईपीएस रहीं। उनका स्वागत 41वीं वाहिनी के सेनानायक डॉ. दिनेश यादव आईपीएस ने किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के जोश व खेल कौशल की सराहना की और मानव जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने



विजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। **वॉलीबॉलः** रोमांचक फाइनल मुकाबले में 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47वीं वाहिनी पीएसी को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। **सेपक टकराः**खेल के तीनों प्रारूप डबल्स, रेगू और क्वार्ड में शानदार प्रदर्शन के आधार पर 09वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद को समग्र विजेता टीम घोषित किया गया।

इस अवसर पर सेनानायक डॉ. दिनेश यादव के साथ सेनानायक 06वीं वाहिनी पीएसी मेरठ प्रेमचंद सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्ध नगर आर.एन. सिंह, उपसेनानायक अरूण कुमार सिंह, सहायक सेनानायक अन्विता उपाध्याय 47वीं वाहिनी, सहायक सेनानायक जगवीर सिंह चौहान, सहायक सेनानायक प्रीति खरवार सहित पीएसी के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## ई-पंजीकरण के विरोध में बैनामा लेखकों का हल्लाबोल



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर तहसील में गुरुवार को बैनामे की ई-पंजीकरण प्रक्रिया के विरोध में बैनामा लेखकों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय पर ताला जड़ दिया और अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी बैनामा लेखकों ने तहसील परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर धरना देते हुए सरकार के निर्णय के खिलाफ नारेबाजी की। धरने पर बैठे बैनामा लेखकों का आरोप है कि सरकार ई-पंजीकरण व्यवस्था लागू कर बैनामा संबंधी कार्यों को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। उनका कहना है कि यदि यह व्यवस्था पूरी तरह लागू होती है तो वर्षों से इस कार्य से जुड़े हजारों बैनामा लेखक बेरोजगार हो जाएंगे और उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा।

## उद्यमी डॉ. पी कुमार ने सीजीएसटी आयुक्त उभप सिंह राज से की मुलाकात

**➪कर प्रणाली के सरलीकरण और व्यापारियों की समस्याओं पर हुई विस्तार से चर्चा, आयुक्त ने दिया समाधान का आश्वासन**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उद्यमी डॉ पी कुमार ने सीजीएसटी मेरठ के आयुक्त एवं वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी उभप सिंह राज से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सीजीएसटी के क्रियान्वयन को और सरल बनाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

डॉ पी कुमार ने व्यापारियों को जीएसटी रिटर्न, इनपुट टैक्स क्रेडिट और पोर्टल संबंधी आ रही व्यावहारिक दिक्कतों से आयुक्त को अवगत कराया। प्रक्रियाओं को सहज बनाने और छोटे उद्यमियों को राहत देने पर



विशेष जोर दिया गया। आयुक्त उभप सिंह राज ने कहा कि कर प्रणाली को पारदर्शी व व्यापारी अनुकूल बनाना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने उद्यमियों के सुझावों पर गंभीरता से अमल का आश्वासन दिया।

## एहसास महिला समिति द्वारा आयोजित 17 दिवसीय समर कैंप का समापन

**➪विधायक ने की संस्था के कार्यों की सराहना**

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गोविंदपुरी स्थित निष्काम भवन में एहसास महिला समिति द्वारा आयोजित 17 दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। लगभग तीन सप्ताह तक चले इस विशेष समर कैंप में बच्चों को शिक्षा, संस्कार, व्यक्तित्व विकास, कला, संस्कृति एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने एहसास महिला समिति के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह अपने आप में एक अनूठी एवं प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के बच्चों को एक मंच पर लाकर उन्हें शिक्षा, संस्कार एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य अत्यंत




सराहनीय है तथा इस प्रकार का आयोजन केवल एहसास महिला समिति जैसी समर्पित संस्था ही कर सकती है। इस दौरान बच्चों ने जमकर आनन्द लिया और विदाई के दौरान उनकी आखों नम रही। कार्यक्रम में संरक्षक चानन लाल ढींगरा, संस्थापक अनुप्रीत कौर, अध्यक्ष गुरमीत गुप्ता, दिलीप शर्मा, धीरज कालरा, जसमीत सिंह सहित अनेक पदाधिकारी, सदस्य, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




### दो सर्किल में पोस्टिंग को लेकर होगा मंथन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों एसीपी वाली लिस्ट आई है। दो एसीपी यहां से भेजे जाएंगे, तो दो की एंट्री होनी है। ना अभी आने वाले इन हुए हैं और न जाने वाले आउट किए गए हैं। इन सबके बीच विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं की नदिया पार वाले एसीपी को अभी लंबा रोका जा सकता है। तो ट्रैफिक से जुड़े वाले भी वेट पर रह सकते हैं। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह हो रहा है कि बाहर से आने वाले दोनों एसीपी की पुलिस कमिश्नरेट में कमेंट्री कब होगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पहले से ही एसीपी स्तर के अधिकारियों का टोटा है। तो तबादला होने से दो सेट और मामलों को समझने वाले एसीपी के यहां से जाने के आदेश आ गए हैं, उधर बताया जा रहा है की साहब की सबसे बड़ी टेंशन यह होगी की नदिया पार में किसको सेट किया जाए। वैसे भी नदिया पार में फिलहाल एक पोस्टिंग अस्थाई वाली चल रही है। तो सिटी में भी एक पेन क्रिएट चल रहा है, बताया जा रहा है कि इन सबके बीच तीन एसीपी के नाम को लेकर मंथन होना है, पर अभी जब तक बाहर वाले इन नहीं होते तो आउट वालों पर विचार नहीं हो रहा है। उधर लोकल सूत्र यह बता रहे हैं कि जिस तरीके से नदिया पार वाला एक दिल्ली से सेट वाले थाने का मामला बेहद पीक मूवमेंट पर चल रहा है, तो ऐसे में वहां वाले साहब को रिलीव करने वाला मामला भी नजर नहीं आ रहा है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र कह रहे हैं जब नदिया पार में सिटी वाले साहब तीन महीने तक अपनी सेवा दे सकते हैं, तो एसीपी स्तर के लिए भी कुछ सुझाव दिया जा सकता है। वैसे सुनने में आ रहा है कि नदिया पार की पारी का ख्वाब रखना एसीपी को अब भारी पड़ता हुआ दिख रहा है। उनका नाम अब कहीं नहीं चल पा रहा है। पुलिस सूत्र यह बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कभी हर फोटो और बाइट में नजर आने वाले कुछ एसीपी इन दिनों बेहद साइलेंट मोड पर चल रहे हैं। तो एक खास अभियान की जिम्मेदारी संभालने वाले एसीपी का मामला भी बेहद लाइट वाला हो रहा है। खुद साहब के कार्यालय में उनके ही सर्किल में मादक पदार्थों की खेप खुले आम बेचे जाने के गंभीर और संगीन शिकायतें हो रही हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के दो बेहद महत्वपूर्ण सर्किलों में किसको पोस्ट किया जाता है और इस पोस्टिंग के लिए कितना मंथन किया जाता है।




## भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि, सामाजिक एकता का लिया संकल्प

गाजियाबाद, करंट क्राइम। डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद के तत्वावधान में चार मूर्ति बौद्ध विहार, पुराना बस अड्डा पर महान आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष आज भी समाज को अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन सामाजिक न्याय, स्वाभिमान और जनजागरण का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज में समानता, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यक्रम में शेर सिंह, एडवोकेट रामेश्वर, शारदा, मनीष, राहुल सिंह, शेखर डागी, मुकेश गौतम, विनोद गौतम, सील गौतम, जुगनू गौतम, जयप्रकाश गौतम, सोनू, विक्की, इंजीनियर रतनपाल, श्रीमती सुशीला, नितिन केन और गौरव बौद्ध सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित जनों ने भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने तथा सामाजिक एकता, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## आईएमएस गाजियाबाद में बनेगा अत्याधुनिक हाई-टेक मीडिया स्टूडियो

**13 जून को होगा उद्घाटन**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आधुनिक मीडिया तकनीकों से जोड़ने तथा उन्हें उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से एक अत्याधुनिक हाई-टेक मीडिया स्टूडियो की स्थापना की गई है। यह स्टूडियो नवीनतम तकनीकों एवं आधुनिक उपकरणों से पूर्णतः सुसज्जित है, जो विद्यार्थियों के कौशल विकास, व्यावहारिक ज्ञान तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




इस हाई-टेक स्टूडियो में पॉडकास्ट सेटअप, प्रोफेशनल टेलीविजन स्टूडियो, क्रोमा स्टूडियो, रेडियो प्रोडक्शन सेटअप तथा प्रिंट मीडिया प्रोडक्शन लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। इस अत्याधुनिक स्टूडियो का उद्घाटन 13 जून 2026 को आयोजित एक विशेष समारोह में किया जाएगा। इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित समाचार एंकर सईद अंसारी, श्रीवर्धन त्रिवेदी (एक्टर/एंकर, एबीपी न्यूज), अखिलेश शर्मा (मैनेजिंग एडिटर, एनडीटीवी) आर जे मिशा, एवं इन्फ्लुएंसर शिखर चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके कर-कमलों द्वारा इस हाई-टेक मीडिया स्टूडियो का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल हैं जो भाजपाको परिवार और हर कार्यकर्ता को देवतुल्य मानते हैं। महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी के पैर में चोट लग गयी थी। इन दिनों वह घर पर ही आराम कर रहे हैं। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी का कुशलक्षेम जानने के लिए उनके घर पहुंचे। उन्होंने जल्द ही बॉबी त्यागी के ठीक होने की कामना की। ये पल वो है जब कार्यकर्ता को लगता है कि वह किसी दल में नही बल्कि एक परिवार में हैं। एक परिवार जो उनकी हर परेशानी में साथ हैं। एक कार्यकर्ता, अध्यक्ष और एक परिवार की फीलिंग देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ईरान-वर जंग के बीच तीन भारतीय नाविकों की मौत; क्या यूएस नेवी को पता थी राष्ट्रीयता

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी जंग के दौरान तीन भारतीयों ने अपनी जान गंवाई है। ओमान के पास एमटी सेट्टेबेलो जहाज पर सवार जिन तीनों नाविकों की मौत हुई है, वे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे। केंद्र सरकार ने इस घटना पर शोक जताया है। सरकार के मुताबिक होर्मुज के आसपास फंसे नाविकों और हताहत नाविकों के पार्थिव शरीर को सुरक्षित स्वदेश लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच जंग बीते 104 दिनों से जारी है। होर्मुज के आसपास तनावपूर्ण माहौल में मिसाइलों और अन्य हथियारों से लगातार गोलीबारी हो रही है। ओमान के तट के पास एक जहाज- एमटी सेट्टेबेलो पर हुए हमले में कई लोगों ने जान गंवाई है, इसमें तीन भारतीय भी शामिल हैं। जिन तीन भारतीय नाविकों की मौत की पुष्टि हुई



है, इसमें एक उत्तर प्रदेश के देवरिया का है। मौत की पुष्टि होने के बाद परिवार में मातम पसर गया है। जिस जहाज पर हमला हुआ है, वह फिलीपींस के पास बसे देश- पलाऊ के झंडे वाला जहाज है।

**सरकार ने पूरे मामले पर क्या कहा:** इस मामले में ओमान में भारतीय दूतावास ने भी बयान जारी किया। सरकार ने कहा, ओमान के शिनस बंदरगाह के पास एक पोत पर हमले की जानकारी मिली है। दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) की तरफ से भी स्थिति पर नजर रखने और ओमान के अधिकारियों के साथ बचाव प्रयासों का समन्वय करने की बात कही गई। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए तनाव कम करने का आह्वान किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जिन तीन भारतीय नाविकों की मौत की पुष्टि हुई है, इनमें से एक देवरिया जिले के सुरौली गांव का निवासी शिवानंद चौरसिया है। शिवानंद की मौत की खबर सुनकर उनके परिवार में मातम छा गया। परिजनों और पड़ोसियों का रो-रोकर बुरा हाल है। शिवानंद चौरसिया कई महीनों से समुद्र में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे।

उनके जीजा संजय चौरसिया ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले ही परिवार ने उनसे बात की थी। संजय ने बताया, शिवानंद के दो बच्चे हैं। उनके पिता रामजी चौरसिया ने भी अंतिम बातचीत याद करते हुए बताया कि शिवानंद ने सब ठीक होने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि शिवानंद ने पिछली रात 9 बजे फोन पर सब ठीक होने की बात कही थी। पड़ोसी रोहन शाही ने बताया कि शिवानंद परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे। शिवानंद करीब 8-9 महीने पहले काम पर गए थे।

**हमीरपुर के आदित्य शर्मा ने भी गंवाई जान, परिवार ने जांच की मांग की**

इस घटना में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर निवासी भारतीय नाविक आदित्य शर्मा ने भी जान गंवाई है। परिवार को गहरा सदमा लगा है। आदित्य शर्मा जहाज पर डेक कैडेट के रूप में कार्यरत थे।

मौत की पुष्टि के बाद उनके परिवार के सदस्यों ने घटना की जांच और आदित्य के पार्थिव शरीर को वापस लाए जाने की मांग की है। एक परिजन ने पूछा कि जहाज के कैप्टन ने जंग के बीच जहाज आगे ले जाने का कैसे फैसला लिया। उन्होंने जहाज को आगे ले जाने की अनुमति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और हिमाचल सरकार से जांच की मांग की।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर चोर गिरफ्तार इंदिरापुरम पुलिस ने की कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खजूरी कट के पास से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों पर चोरी की कई संगठित वारदातों में शामिल होने का आरोप है और उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई पहले ही की जा चुकी थी।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सागर शर्मा (23 वर्ष) और आशू (25 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी इंदिरापुरम क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी जैसी संगठित आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर आर्थिक लाभ अर्जित करते थे।

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया था। इनके खिलाफ थाना इंदिरापुरम समेत



### दोनों पर 9-9 मुकदमे दर्ज



**करंट क्राइम :** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सागर शर्मा और आशू के खिलाफ कमिश्नरेट गाजियाबाद में चोरी के 8-8 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि गैंगस्टर एक्ट का एक-एक मुकदमा थाना इंदिरापुरम में पंजीकृत है। इस प्रकार दोनों के खिलाफ कुल 9-9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इनके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई को इंदिरापुरम पुलिस की अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों में चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी।

# युवती से विवाद के बाद 22 वर्षीय छात्र ने की आत्महत्या, मसूरी क्षेत्र की घटना

## पुलिस लव एंगेल से कर रही है जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में गुरुवार को एक 22 वर्षीय युवक ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर युवक को बाहर निकाला। उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

एसीपी भास्कर वर्मा के अनुसार मृतक की पहचान अमन पुत्र धर्मेंद्र, निवासी अमरोहा के रूप में हुई है। अमन पंजाब में पढ़ाई करता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसके गांव के पास रहने वाली एक युवती गाजियाबाद में पढ़ाई कर रही है, जिससे उसका कुछ समय से मनमुटाव चल रहा था। गुरुवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर



बहस हुई थी। बताया जा रहा है कि बहस के बाद युवक ने कमरे में खुद को बंद कर लिया और फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पूरे मामले की प्रेम प्रंसग के एंगल से भी जांच की जा रही है।

# योजनाओं पर कम खर्च करना ब्रिटेन के रक्षा मंत्री को पड़ा भारी

## देना पड़ा पद से इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने गुरुवार को इस्तीफा दिया। उनका कहना है कि सरकार योजनाओं पर कम खर्च कर रही है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने गुरुवार को इस्तीफा दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री कीर स्टारमर पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश की सुरक्षा के लिए जरूरी सरकारी संसाधन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि सैन्य खर्च बढ़ाने की बढ़ती मांगों को कैसे पूरा किया जाए। इस पर ब्रिटेन के रक्षा और वित्त मंत्रालयों के बीच महीनों से बातचीत चल रही है, जिसके कारण पिछले साल से ही ब्रिटेन का रक्षा निवेश प्लान रुका हुआ है।

**मंत्री ने पत्र में क्या लिखा?**

हीली ने स्टारमर को लिखे अपने पत्र में कहा, ह्यबढ़ते खतरों के इस दौर में देश की सुरक्षा के लिए जरूरी संसाधन जुटाने में आप नाकाम रहे हैं और ट्रेजरी भी इसके लिए तैयार



नहीं है।' इस देरी से ब्रिटेन का डिफेंस इंडस्ट्री नाराज है। उनका कहना है कि ऐसे समय में, जब भू-राजनीतिक हालात बहुत अस्थिर हैं। अमेरिका यूरोप की सुरक्षा से अपना ध्यान हटा रहा है। वह देश की सुरक्षा से जुड़े लंबे समय के प्रोग्राम में निवेश नहीं कर सकते।

# खोड़ा में देर रात स्कूल का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा टला



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मकनपुर खोड़ा स्थित साहिल पब्लिक स्कूल का दूसरी मंजिल का छज्जा बुधवार देर रात भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसा रात करीब 11:30 बजे हुआ, उस समय स्कूल बंद था और सड़क पर भी आवाजाही न के बराबर थी। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। छज्जे का मलबा स्कूल के सामने वाली गली में जा गिरा। सुबह जब लोग उठे तो मलबा देखकर दहशत में आ गए। यदि यह हादसा दिन में स्कूल समय के दौरान होता तो कई बच्चे इसकी चपेट में आ सकते थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल का भवन काफी पुराना और जर्जर है। छत व दीवारों में दरारें पड़ी हैं। कई बार प्रबंधन से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं।

# श्री राम कथा में राम-रावण युद्ध प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन स्थित शिव चौक पर चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा का 11 जून को विश्राम हुआ। अंतिम दिन कथा व्यास पं. कृष्ण प्रताप तिवारी चित्रकूट धाम वाले ने राम-रावण युद्ध का सजीव वर्णन किया। कथावाचक ने बताया कि श्रीराम की हनुमान से भेंट हुई, फिर सुग्रीव से मित्रता कर बाली का वध किया। माता सीता की खोज में हनुमान लंका पहुंचे, मुद्रिका दी और लंका दहन किया। अंगद को दूत बनाकर भेजा गया, परंतु रावण नहीं माना। वानर सेना ने समुद्र पर सेतु बनाकर लंका पर चढ़ाई की।



युद्ध में कुंभकर्ण, मेघनाद के वध के बाद श्रीराम ने रावण का वध किया। नाभि में स्थित अमृत को बाण से नष्ट कर भगवान ने रावण को मार गिराया। इसके बाद विभीषण को लंका का राजा बनाया गया और पुष्पक विमान से श्रीराम, सीता व लक्ष्मण अयोध्या लौटे।

अयोध्या में गुरु वसिष्ठ ने श्रीराम का राज्याभिषेक किया और रामराज्य स्थापित हुआ। इस अवसर पर निगम पार्षद राजीव भाटी, युग गुर्जर, राज किशन अग्रवाल, निलेश मित्तल, रामबीर शर्मा, देवरत्त शर्मा, राधे श्याम बघेल, पं. विध्यभूषण गर्ग सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# फिलीपींस में भूकंप के बाद गहराया खाद्य संकट

**मनीला।** फिलीपींस में आए विनाशकारी भूकंप के बाद कई इलाकों में खाद्य सामग्री का संकट उत्पन्न हो गया है। लोगों को खाने पीने की वस्तुएं भी नहीं मिल पा रही हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात करने की मांग की है।

### गंभीर रूप से प्रभावित इलाकों में मदद पहुंचाना कठिन

फिलीपींस के कई इलाके ऐसे हैं जहां पर लोगों की मदद के लिए पहुंच पाना प्रशासन के लिए काफी कठिन हो चला है। भूकंप के कारण कई मुख्य सड़कें या तो बाधित हो गई हैं या फिर खराब हो गई हैं। 7.8 तीव्रता के भूकंप ने कई गांवों का संपर्क भी तोड़ दिया है। इसी कारण से प्रशासन को फंसे हुए लोगों की मदद करने में भी समस्या आ रही है।

## प्रभावित इलाकों तक ऐसे पहुंच रही राहत



### मेयर विक्टर जेम्स ने प्रशासन से मांगी वायुसेना की मदद

इस प्राकृतिक आपदा में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक सारंगानी का ग्लान कस्ब है। जानकारी के मुताबिक इस इलाके में राहत कार्य के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसी सिलसिले में इलाके के मेयर विक्टर जेम्स याप ने ने सरकार से वायुसेना के हेलीकॉप्टर भेजने की बात कही है। विक्टर का कहना है कि उनके क्षेत्र के 31 में से 10 गांव अभी भी भूस्खलन के कारण पूरी तरह के कटे हुए हैं, जिस कारण से वहां राहत सामग्री पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। मेयर विक्टर की मानें तो प्रभावित गांवों में लोगों के सामने खाद्य संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग भूख से जूझ रहे हैं और जल्द से जल्द खाद्य सामग्री तथा पेयजल पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टरों की जरूरत है।

### सारंगानी में दर्ज की गई सबसे ज्यादा मौतें

सारंगानी में अबतक सबसे ज्यादा 20 मौतें दर्ज की गई हैं। इनमें अधिकांश लोग भूस्खलन की चपेट में आए बताए जा रहे हैं। इसके अलावा जनरल सैंटोस, साउथ कोटाबाटो और दावाओ ऑक्सिडेंटल प्रांतों में भी भारी भरकम नुकसान हुआ है।

# नेतन्याहू-ट्रंप के मतभेद कितने गंभीर : जेडी वेंस बोले- यूएस-इस्राइल हर समय एकमत नहीं रहे

**वॉशिंगटन।** क्या अमेरिका-इस्राइल के बीच सब कुछ ठीक नहीं है? क्या ट्रंप और नेतन्याहू के बीच मतभेद और गहरा रहे हैं? ये सभी सवाल हालिया बयानबाजी के बीच सामने आ रहे हैं। इसी बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि अमेरिका-इस्राइल हर समय एकमत नहीं रहे हैं।

पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात और ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि अमेरिका और इस्राइल हमेशा हर मुद्दे पर एक जैसी सोच नहीं रखते। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब दोनों देशों के हित अलग होंगे, तब अमेरिका अपने नागरिकों और अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा।

देशहित सबसे ऊपर- जेडी वेंस अमेरिकी मीडिया संस्थान



सीबीएस को दिए एक विशेष इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि इस्राइल लंबे समय से अमेरिका का करीबी सहयोगी रहा है, लेकिन करीबी साझेदारी होने के बावजूद कई बार दोनों देशों के हित पूरी तरह मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में दोनों देश एक ही पन्ने पर होते हैं, जबकि कुछ मुद्दों पर उनके विचार और हित अलग हो सकते हैं।

**जेडी वेंस ने की नेतन्याहू की तारीफः** जेडी वेंस ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने देश के हितों की मजबूती से रक्षा करने वाले नेता हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा साफ किया है कि अमेरिका वही करेगा जो उसके लिए सबसे बेहतर होगा। उन्होंने कहा, 'कभी हम एक ही दिशा में चलते हैं और कभी ऐसा नहीं होता। जब दोनों देशों के हित अलग होते हैं, तब हमें अमेरिकी जनता के पक्ष में फैसला लेना पड़ता है और हम हमेशा ऐसा ही करते हैं'।

### हम आगे मिलकर काम करते रहेंगे: वेंस

इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या नेतन्याहू ने अमेरिका के साथ संबंधों को संभालने में कुछ गलतियां की हैं, तो उन्होंने कहा कि 'उन्होंने निश्चित रूप से कुछ चीजें गलत की हैं'। हालांकि उन्होंने किसी खास उदाहरण का उल्लेख करने से इनकार कर दिया। वेंस ने कहा कि इस तरह की बातचीत निजी स्तर पर ही बेहतर रहती है। इसके बावजूद वेंस ने नेतन्याहू को अमेरिका का अच्छा साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इस्राइल आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे, लेकिन जहां दोनों देशों के हित अलग होंगे, वहां अमेरिका अपने राष्ट्रीय हितों को ही प्राथमिकता देगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल के हफ्तों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बीच पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष, ईरान से जुड़े मुद्दों और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई को लेकर मतभेदों की खबरें सामने आई हैं।

# सम्मेलन से पहले फ्रांस-स्विट्जरलैंड में हाई अलर्ट

G7 FRANCE ÉVIAN 2026

**जिनेवा।** फ्रांस के एवियां में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले फ्रांस और स्विट्जरलैंड ने कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया है। सीमा नियंत्रण, हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और हजारों सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बीच संभावित हिंसक प्रर्दशनों को लेकर प्रशासन बेहद सतर्क है।

फ्रांस के एवियां-ले-बैंस में 15 से 17 जून तक आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले फ्रांस और स्विट्जरलैंड ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत दुनिया की प्रमुख देशों के नेताओं की मौजूदगी को देखते हुए दोनों ही देशों ने सीमा पार आवाजाही के साथ-साथ हवाई क्षेत्र और सार्वजनिक गतिविधियों पर तमाम प्रतिबंध लगाए हैं।

## हिंसक प्रदर्शनों की आशंका के बीच कड़ी सुरक्षा

## भारी संख्या में सुरक्षा बलों की हुई तैनाती

स्विट्जरलैंड ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए लगभग 4,000 सैनिक तैनात किए हैं। वहीं फ्रांस ने 13,000 से अधिक पुलिस और जेंडरमेरी कर्मियों को सुरक्षा में लगाया है। सीमा चौकियों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक सुरक्षा कर्मी सीमा पर तैनात किए गए हैं। इस सम्मेलन के कारण कई सड़क मार्ग बंद रहेंगे और 35 सीमा पार मार्गों में से केवल सात ही खुले रहेंगे। जिनेवा हवाई अड्डे और लेक जिनेवा क्षेत्र में भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। एवियां के आसपास के इलाकों में प्रवेश के लिए विशेष परमिट की व्यवस्था की गई है।

### हिंसा भड़कने की आशंका

अधिकारियों को आशंका है कि इस दौरान पर्यावरण, पूंजीवाद विरोधी और ट्रंप विरोधी गुट बड़े पैमाने पर प्रदर्शन कर सकते हैं। इस प्रदर्शन में हिंसा भड़कने की संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि सम्मेलन के दौरान ट्रंप की नीतियों, जलवायु परिवर्तन, ईरान युद्ध, व्यापार शुल्क और पूंजीवाद जैसे मुद्दों पर बड़े विरोध प्रदर्शन हो सकते हैं। वर्ष 2003 में इसी क्षेत्र में आयोजित जी-8 सम्मेलन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ को देखते हुए प्रशासन किसी भी जोखिम से बचना चाहता है।

### कई संस्थानों ने वर्क फ्रॉम होम लागू किया

विरोध प्रदर्शनों की आशंका के चलते जिनेवा में कई व्यवसायों ने अपनी प्रतिष्ठानों के बाहर सुरक्षा बोर्ड लगा दिए हैं। इसके साथ ही कुछ अंतरराष्ट्रीय संस्थानों, जिनमें विश्व व्यापार संगठन भी शामिल हैं, ने अपने दफ्तर अस्थायी रूप से बंद कर कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए हैं।

# अमेरिका-ईरान वार्ता जारी, पश्चिम एशिया में तनाव के बीच शांति की उम्मीद बरकरार, रिपोर्ट में दावा

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता जारी है। ओमान के पास एक जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। वहीं मामले को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने समुद्री हमलों से वैश्विक आर्थिक संकट की चेतावनी देते हुए तुरंत युद्धविराम की मांग की है।

पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा मंडरा रहा है, लेकिन इस बीच शांति की एक उम्मीद जगी है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ रही है। राजनयिक सूत्रों ने जानकारी दी है कि दोनों देशों के बीच रात भर चली बातचीत के बाद भी चर्चा जारी है। हालांकि इस दौरान दोनों पक्षों के बीच हमलों का दौर भी जारी रहा। हालांकि, अभी भी बातचीत का रास्ता बंद नहीं हुआ है।

**पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव**

दूसरी तरफ, इस इलाके में तनाव लगातार बढ़ रहा है। होर्मुज



जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों और तेल टैंकरों पर हमले की खबरें आ रही हैं। ब्रिटेन की समुद्री व्यापार संस्था (वङटळड) ने ओमान के समुद्री क्षेत्र में एक ऐसी ही घटना की जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ओमान के सोहर से 21 समुद्री मील दूर एक टैंकर के इंजन रूम में आग लग गई। स्थानीय अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। राहत की बात यह है कि इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। जहाजों को इस रास्ते से सावधानी से गुजरने की सलाह दी गई है।

**जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत:** इसी बीच एक दुखद खबर सामने आई है। एमटी सेटेबेलो नाम के जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। इस जहाज पर कुल 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 21 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। शुरूआत में तीन नाविक लापता थे, लेकिन अब उनकी मौत की पुष्टि हो गई है।

केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह भारत के समुद्री समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। सरकार ने कहा वह पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बचाए गए नाविकों को तुरंत वापस लाया जाए और मृतकों के पार्थिव शरीर उनके परिजनों तक पहुंचाने की प्रक्रिया तेज की जाए।

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जताई चिंता:** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि समुद्री रास्तों पर पाबंदी से पूरी दुनिया में अस्थिरता और आर्थिक संकट पैदा हो रहा है। इसका सबसे बुरा असर विकासशील देशों पर पड़ेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत तुरंत युद्धविराम और समुद्री रास्तों की सुरक्षा बहाल करने की मांग की है। भारतीय विदेश मंत्रालय भी ओमान के अधिकारियों के साथ मिलकर स्थिति पर नजर रख रहा है। मंत्रालय ने जहाजों पर हो रहे इन हमलों की कड़ी निंदा की है।

### ट्रंप का बड़ा दावा- अगर ईरान के पास परमाणु हथियार होते, तो इस्राइल का अस्तित्व ही नहीं होता

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इस्राइल और पश्चिम एशिया के लिए बड़ा खतरा होगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान पर कड़ा हमला किया है और जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव हर दिन बढ़ता जा रहा है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने दावा किया कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इस्राइल को नष्ट कर देगा और पश्चिम एशिया को अस्थिर कर देगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ने ईरान पर कड़ी चोट की है। बातचीत अनिश्चित रहने पर वह फिर से हमला कर सकता है। ओवल ऑफिस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होते, तो इस्राइल और पश्चिम एशिया का अस्तित्व नहीं होता।




# केमिकल गोदाम में भीषण आग आसमान में छाया काले धुएं का गुबार

## सात दमकल गाड़ियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू, आसपास के गोदाम और मकान बचाए गए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार दोपहर नंदग्राम के आदर्श नगर स्थित आरएनजी ट्रेडिंग कंपनी के केमिकल और इंक गोदाम में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। आग इतनी विकराल थी कि उससे उठता काला धुआं कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। गोदाम में रखे केमिकल और इंक के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए वैशाली और साहिबाबाद से भी दमकल वाहन बुलाने पड़े। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के निर्देशन में कुल सात दमकल गाड़ियों और फायर कर्मियों ने चारों ओर से आग को घेरकर बुझाने का अभियान शुरू किया। घने धुएं और तेज लपटों के बीच कर्मियों ने बीए सेट पहनकर लगातार फोम की पंपिंग की और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। भवन के भूतल पर इंक का गोदाम था जबकि ऊपरी मंजिल पर रबर स्टैंप बनाने का कार्य होता था। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और आसपास के गोदामों व आवासीय भवनों को भी सुरक्षित बचा लिया गया।

### गाजियाबाद में बढ़ रहे अग्निकांड, रोजाना जल रही लाखों की संपत्ति



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में लगातार सामने आ रही आग की घटनाएं अब चिंता का विषय बनती जा रही हैं। गुरुवार को ही तीन अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। हालांकि सभी मामलों में जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। बीते कुछ सप्ताह से गोदामों, फैक्ट्रियों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हर बार दमकल विभाग समय रहते आग पर काबू पा लेता है, लेकिन लगातार हो रहे हादसे अग्नि सुरक्षा मानकों की वास्तविक स्थिति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी, बिजली के उपकरणों पर बढ़ता दबाव, ज्वलनशील पदार्थों का असुरक्षित भंडारण और सुरक्षा नियमों की अनदेखी ऐसी घटनाओं की बड़ी वजह हो सकती है। कई प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी उपकरण तो लगे हैं, लेकिन उनके रखरखाव और उपयोग को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जाती।

# जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र की पुरानी बिल्डिंग पर नए लेंटर का कार्य शुभ मुहूर्त के साथ संपन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र की पुरानी बिल्डिंग के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के तहत गुरुवार सुबह पुराने जर्जर लेंटर के ऊपर नए लेंटर का निर्माण कार्य विधिवत शुभ मुहूर्त के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर विधायक संजीव शर्मा ने नारियल फोड़कर किया और भवन के सफल निर्माण एवं संस्था की निरंतर प्रगति की कामना की।

इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महामंत्री वीरेंद्र कुमार 'वीरू बाबा', वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, रविंद्र मित्तल, जगत प्रकाश शर्मा, भूषण यादव, मनीष दीक्षित, राकेश स्वामी, दुष्यंत गुप्ता, विकास मित्तल, चेतन शर्मा, अजय चोपड़ा, वरुण नगर, पार्षद नीरज गोयल, विश्व विजय डोभाल, विशाल अग्रवाल, एडवोकेट अजय राठी, शाहिद सहित अनेक समाजसेवी एवं संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि भवन का पुराना लेंटर काफी जर्जर हो चुका था, जिसके कारण भवन की सुरक्षा और उपयोगिता प्रभावित हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पुराने ढांचे को मजबूत करने के लिए उसके ऊपर नया लेंटर डाला गया है। यह कार्य संस्था के विकास और भविष्य की गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल 'मेदी वाले' ने उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, समाजसेवियों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से ही संस्था निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने भवन निर्माण कार्य में सहयोग देने वाले सभी लोगों का विशेष धन्यवाद किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के उपरांत सभी उपस्थित लोगों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन का वातावरण उत्साह, सहयोग और सामाजिक एकता की भावना से ओत-प्रोत रहा।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या अम्बेडकर जी वाले रास्ते पर पड़ने वाली नेहरू जी की लैंड को लेकर बज रहा है कोई कंट्रोवर्सी का बैंड? सुना है विकास वालों की एक्शन वाली नजरों में आ गयी है ये लैंड? क्या पहुंचा था कोई दस्ता यहां कुछ गिराने? सुना है कुछ दिन पहले करंट वाले भी आये थे यहां कुछ करने कराने? क्या जमीन को लेकर कोई रख रहा है बहुत दूर से नजर महीन? क्या कुछ होगा हमें नही होता है यकीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने मिलाया डेढ़ा जी को फोन? उनकी लोकेशन नहीं हो रही थी उनके सिस्टम में ऑन? उन्होंने कहा नजर नहीं आ रहे हो यार? वो बोले हम हनुमान जी के चरणों में पूजा-पाठ कर रहे हैं बारम्बार? उन्होंने उनके प्रभु के प्रति इस लगाव को लेकर दिया दिल से पैगाम? कहा एक मंदिर प्रकोष्ठ बना देना चाहिए हमको इनके नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने दूधेश्वर नाथ मंदिर के कार्यक्रम में पूरे बल से दी थी अपने राम को जिम्मेदारी? वो मंदिर में आये और उन्होंने मिस्टर रावल से पूछा? क्या कि है अपने यहां पर खाने पीने की तैयारी? यहां पर तुरंत ही मिस्टर रावल ने दिया जवाब? बोले पानी की खूब व्यवस्था की है हमने भाई साहब? ये सुनकर हैरान हुआ पूछने वाले का फेस? वो बोले तुम तो तराजू वालों की तरह कंजूस निकले? हमें नहीं थी उम्मीद कि तुम भी दोगे इतनी कंजूसी वाला संदेश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं पूरे मान से बता रहा हूं आपको बात? ओबीसी चेहरे का जलवा इस बार होने जा रहा है खास? देखना वेस्टर्न से लेकर स्टेट की मजबूत कमेटी में आ सकता है उनका नाम? कहने वाले ने कहा ये सारी जिम्मेदारी उनको उनकी ताकत के बूते मिलने जा रही है? जब चमकेगा उनका नाम, तब मत होना आप हैरान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मैम्बर नरेश को योद्धा ने सौंपा है प्रबुद्ध सम्मेलन वाला काम? हमने देखा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर उनमें चिंगारी नहीं दिख रही थी श्रीमान? फिर उनसे किसी ने पूछा इस मसले पर उनकी निष्क्रियता का सवाल? उन्होंने कहा हम प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम की सूचना का इंतजार कर रहे हैं? देखना जैसे ही सूचना आयेगी, हम मचा देंगे घमासान? रच देंगे हम इस कार्यक्रम को लेकर इतिहास? प्रबुद्ध सम्मेलन में प्रथम आयेगा हमारा गाजियाबाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैडम पदाधिकारी के दिल में बैठ गई है प्रमुख पदाधिकारी की कही हुई बात? सुना है इस बात ने मैडम को कर दिया है बहुत ज्यादा नाराज? मैडम ने जब पूछा उनसे सवाल आम, कि आप मंच से क्यों नहीं लेते हैं हमारा नाम? वो बोले ये सब होता है बाईचांस? जब मैं मंच पर होता हूं तो भूल जाता हूं आपका नाम? सुना है इस बात ने मैडम को कर दिया बहुत ज्यादा हैरान? वो बोलीं जिन्हें रहते हैं इतने बड़े-बड़े उपदेश याद? वो भला कैसे भूल सकते हैं हमारा छोटा सा नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब जब वो देखते हैं मिस्टर वेद और मिस्टर पुष्पेन्द्र को हर पल योद्धा के साथ? ये सीन देखकर उनके कलेजे में लग जाती है आग? वो कहते हैं इन दोनों में ऐसा क्या है जो हममे नहीं है खास? वो क्यों लेकर चलते हैं हमेशा इन दोनों को साथ? आखिर हम भी हैं उनकी टीम के सदस्य? थोड़ा हमको भी लेकर वो सोंचे साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मास्टर जी की मंडल वाली सक्रियता पर उठाये हैं किसी ने गलत सवाल? उन्होंने तो वार्ड में एक्टिव होकर पेश की है अनूठी मिसाल? जब से बने हैं वो प्रभारी, तब से वो कर्मठता से संभाल रहे हैं अपने जिम्मेदारी? 31 मई को मन की बात, 7 जून को मंडल की बैठक में उनका संवाद? 5 जून को लगाया था उन्होंने एक पेड़ मां के नाम? कहने वाले ने कहा क्या इतनी सक्रियता कम है? या फिर वो अपना घर छोड़कर वहीं पर रहने लगें श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन के तीन पदाधिकारी चल रहे हैं इस वक्त उनसे बहुत ज्यादा नाराज? कभी भी इन तीनों की नाराजगी बन सकती है विवाद? ये तीनों अलग-अलग जगह पर कर रहे थे अपने मन की बात? कह रहे थे वो हमारे ऊपर ध्यान नहीं दे रहे हैं साहब? आखिर हम कब तक रहेंगे खामोश? वो ही बतायें, वो क्यों कम करना चाहते हैं हमारा जोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के अतिवरिष्ठ गोयल नेता को सता रहा है इस बात का कष्ट? कहीं कोई और वरिष्ठ नेता ना बन जाये व्यापारी फोरम का अध्यक्ष? वो लखनऊ जाने वाले हर वैश्य नेता के मूवमेंट पर रख रहे हैं पूरी नजर? जिम्मेदारियां तो वो पहले भी मजबूत संभाल चुके हैं? फिर ना जाने क्यों सता रही है उनको इतनी फिक्र?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# डॉ.अतुल जैन ने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से शिष्टाचार भेंट की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डा.अतुल कुमार जैन ने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुशल संगठन कर्ता, सभी कार्यकताओं का ध्यान रखते हुए मनोबल बढ़ाने वाले और सहज,सरल व्यक्तित्व के धनी पार्टी के लिए पूर्ण रूप से समर्पित धर्मपाल जी का अतुल जैन ने हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

उनके मार्गदर्शन में राज्य में पार्टी समाज और आमजन के हितार्थ उत्कृष्ट कार्य करते हुए नए-नए कीर्तिमान स्थापित लगातार करती रहेगी।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 : द्वितीय बैच के श्रद्धालुओं का कैलाश मानसरोवर भवन में भव्य स्वागत

# जीडीए ने 50 सदस्यीय दल के लिए सभी व्यवस्थाएं कीं सुनिश्चित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा श्रद्धालुओं के स्वागत एवं सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में यात्रा के द्वितीय बैच के 50 सदस्यीय दल का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया।

इस दल में 48 श्रद्धालु तथा दो लायजन ऑफिसर (संपर्क अधिकारी) शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आस्था, अध्यात्म और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प के अनुरूप जीडीए पूरी निष्ठा के साथ यात्रा प्रबंधन में जुटा हुआ है। इस वर्ष लगभग एक हजार श्रद्धालुओं के कैलाश मानसरोवर यात्रा में शामिल होने की संभावना है।

जीडीए द्वारा यात्रियों के पांच दिवसीय प्रवास के दौरान उनकी सुविधा, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं की शारीरिक एवं मानसिक तैयारी के लिए योग एवं प्राणायाम सत्र आयोजित किया जाता है। द्वितीय दिवस पर मेडिकल एग्जामिनेशन सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है तथा भजन-संध्या एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

तृतीय दिवस पर यात्रियों को फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त कराने की प्रक्रिया पूरी कराई जाती है। चतुर्थ दिवस पर उन्हें विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली में वीजा संबंधी औपचारिकताओं के लिए भेजा जाता है, जबकि पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं को उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाओं के साथ रवाना किया जाता है।

प्राधिकरण द्वारा सुरक्षित एवं आरामदायक आवास, पौष्टिक एवं सात्विक भोजन, योग एवं प्राणायाम के माध्यम से उच्च हिमालयी क्षेत्रों के लिए शारीरिक तैयारी, 24 घंटे चिकित्सा एवं एम्बुलेंस सेवा, आध्यात्मिक साहित्य, यात्रा संबंधी मार्गदर्शन तथा अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण एवं समीक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने सभी शिवभक्तों की मंगलमय, सुरक्षित और सफल कैलाश मानसरोवर यात्रा की कामना करते हुए भरोसा दिलाया है कि श्रद्धालुओं को उनके प्रवास के दौरान हर संभव सुविधा और आत्मीय वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

# दुबई में पहली बार मना 'फेक बर्थडे', सोनाक्षी गोयल की अनोखी पार्टी बनी आकर्षण का केंद्र

## जिम्मीडिक्स दुबई में जुटे नामी इन्फ्लुएंसर्स, उद्यमी और सेलिब्रिटीज

## जश्न का अनूठा अंदाज सोशल मीडिया पर छाया










**दुबई, करंट क्राइम।** दुबई के सामाजिक और मनोरंजन जगत में हाल ही में एक अनोखा आयोजन चर्चा का विषय बन गया। प्रसिद्ध लाइफस्टाइल इन्फ्लुएंसर और डिजिटल पर्सनैलिटी सोनाक्षी गोयल ने जिम्मीडिक्स दुबई में शहर की पहली 'फेक बर्थडे पार्टी' का आयोजन किया, जिसने मेहमानों को एक नया और यादगार अनुभव प्रदान किया। दुबई की प्रभावशाली सोशल पर्सनैलिटीज में शामिल सोनाक्षी गोयल अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल, बॉलीवुड सहयोगों और सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती हैं। वह बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान सहित कई चर्चित हस्तियों के साथ काम कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने 80 हजार से अधिक ब्लू-कॉलर श्रमिकों के लिए खाद्य वितरण अभियानों में सहयोग किया है तथा दुबई में 90 से अधिक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं।

सोनाक्षी ने अपने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि खुशियां मनाने के लिए किसी विशेष अवसर का इंतजार जरूरी नहीं है। यही सोच उनकी 'फेक बर्थडे पार्टी' की सबसे बड़ी खासियत रही।

कार्यक्रम में शामिल लोगों के बीच एक ही सवाल चर्चा में रहा-'जब आज उनका जन्मदिन नहीं है, तो आखिर यह जश्न किस बात का है?' और यही सवाल इस आयोजन को और अधिक रोचक बनाता रहा।

जिम्मीडिक्स दुबई को इस अवसर पर भव्य सजावट और आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। कार्यक्रम में प्रसिद्ध इन्फ्लुएंसर्स, सेलिब्रिटीज, उद्यमियों और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। संगीत, नृत्य, मनोरंजन और यादगार प्रस्तुतियों ने शाम को शानदार बना दिया।

कार्यक्रम में शानदार आतिथ्य, ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुतियां और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। आयोजन का हर पहलू रचनात्मकता, दोस्ती और उत्सव की भावना को दर्शा रहा था। मेहमानों ने इस अनोखी अवधारणा की सराहना करते हुए इसे दुबई के सबसे यादगार सोशल आयोजनों में से एक बताया। इस आयोजन को सफल बनाने में कई प्रतिष्ठित लोगों और ब्रांड्स का भी योगदान रहा। अन्ना'स बाय जिम्मीडिक्स दुबई, निचैट कॉमेडी के इमाद सिद्दीकी, डी मेराकी ब्यूटी लाउंज की गौरी, असीस मीडिया हाउस के दीप बाजवा, कियारा डिकेडेंस रीडिफाइंड की खुशी तेजवानी, ब्लू सैफायर इवेंट्स की राघप्रीत कौर तथा प्रिया फैशन ने इस आयोजन को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुबई में पहली बार आयोजित इस 'फेक बर्थडे पार्टी' ने यह साबित कर दिया कि जश्न मनाने के लिए किसी जन्मदिन की नहीं, बल्कि अच्छे दोस्तों, सकारात्मक सोच और यादगार पलों की जरूरत होती है।

# राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर जस्सीपुरा में श्रद्धांजलि सभा

## मौ. जाकिर अली सैफी ने किया नमन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर गुरुवार को जस्सीपुरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर पूर्व पार्षद एवं नगर निगम गाजियाबाद के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य मौ. जाकिर अली सैफी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जाकिर अली सैफी ने कहा कि बिस्मिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे, जिनका जीवन और बलिदान देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने काकोरी कांड में बिस्मिल और उनके साथियों के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शाहनवाज खान, सैय्यद समीर अली, रमीज राजा, नोमान सैफी, नासिर चौधरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# वसुंधरा में चार दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का समापन

## मॉकड्रिल कर सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा के निर्देशन में चल रहे चार दिवसीय सिविल डिफेंस वार्डन प्रशिक्षण एवं अग्निशमन प्रशिक्षण का समापन बृहस्पतिवार को परशुराम पार्क वसुंधरा में हुआ। अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप, चीफ वार्डन ललित जायसवाल व उपनियंत्रक अनुराधा सिंह के मार्गदर्शन तथा सहायक उपनियंत्रक नेम सिंह, डिविजनल वार्डन ए.के. जैन व ए.के. ठाकुर के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। समापन दिवस पर वार्डनों को आग से बचाव, फर्स्ट एड और आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मॉकड्रिल कर आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने और आपदा के समय बचाव कार्य करने के तरीके बताए गए।

इस अवसर पर सहायक उपनियंत्रक नेम सिंह, डिवीजनल वार्डन ए.के. जैन, ए.के. ठाकुर, डिप्टी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार, स्टाफ ऑफिसर टू डिविजनल वार्डन रमन सक्सेना, घटना नियंत्रण अधिकारी विनोद शर्मा, एम.पी. रेड्डी, कार्यालय सहायक किशोरी लाल, डिप्टी पोस्ट वार्डन दीपक तोमर, सेक्टर वार्डन प्रमोद कुमार, अनुराग तोमर सहित अन्य वार्डन पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि आपदा के समय सिविल डिफेंस वार्डन की भूमिका अहम होती है। प्रशिक्षण का उद्देश्य वार्डनों को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना है ताकि वे जनहानि को कम कर सकें।

# मकनपुर खोड़ा नगर पालिका के नए अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने कार्यभार संभाला

## कर्मचारियों से की मुलाकात, स्वच्छता व विकास कार्यों को दी प्राथमिकता



बोले- जनसमस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मकनपुर खोड़ा नगर पालिका परिषद में नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यालय पहुंचने पर पालिका कर्मचारियों व सभासदों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद ईओ अवनीश कुमार शुक्ला ने कार्यालय का निरीक्षण किया और सभी सहायकों से उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

ईओ अवनीश कुमार शुक्ला ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था, जल निकासी, पथ प्रकाश और सड़क निर्माण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने पालिका क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने तथा अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक, कर निरीक्षक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।